दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास...

कोंकणा सेन शर्मा की साइकोलोजिकल ...8

बलरामपुर
गुरुवार, 12 फरवरी 2026
वर्ष: 05 अंक : 131 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com


# यूपी: पेश किया गया 9.13 लाख करोड़ का बजट, प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट, इन नई योजनाओं की घोषणा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख रुपये का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। यह बजट पिछले वर्षों की तुलना में एक लाख करोड़ध रुपये ज्यादा है। बजट राज्य को दस खरब डालर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

बजट में 1.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत परिव्यय प्रस्तावित है, जबकि 50 से अधिक नई योजनाओं के जरिए महिलाओं, युवाओं, किसानों, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर विशेष फोकस रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 2026–27 का बजट प्रस्तुत करते हुए इसे 'विकसित भारत के संकल्प' और 'विजन–2047' की दिशा में निर्णायक कदम बताया। पिछले वर्षों में बजट का आकार लगातार बढ़ा है। 2017–18 में जहां बजट लगभग 3.85 लाख करोड़ था, वहीं 2026–27 में यह बढ़कर 9.13 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। यानी नौ वर्षों में बजट आकार दोगुने से भी अधिक हो गया है।

यह बजट आकार, पूंजीगत निवेश पर जोर, नई योजनाओं की संख्या और महिला–युवा–किसान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ राज्य को तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाने का प्रयास है। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अब फोकस 'संतुलित, समावेशी और सतत विकास' पर है।

बजट का आकार और तुलना

कुल बजट आकार: 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख रुपये

कुल प्राप्तियां: 8.48 लाख करोड़

राजस्व प्राप्तियां: 7.29 लाख करोड़

कुल व्यय: 9.13 लाख करोड़

राजस्व व्यय: 6.64 लाख करोड़

पूंजीगत व्यय: 2.48 लाख करोड़

नई योजनाओं की भरमार– सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन बायोप्लास्टिक औद्योगिक नीति–2024 वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति कृषि एवं किसान मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना पशुधन बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजना सहकारी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण शिक्षा एवं कौशल ड्रीम स्किल लैब नए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्राओं हेतु प्रत्येक जनपद में छात्रावास टेक युवा–समर्थ युवा योजना



### विभागीय आवंटन में प्राथमिकताएं

सबसे अधिक आवंटन प्राथमिक शिक्षा (घ्80,997 करोड़), ऊर्जा (65,926 करोड़), गृह (घ्44,145 करोड़) और लोक निर्माण विभाग (घ्33,740 करोड़) को मिला है।

### बुनियादी ढांचा और निवेश

7 संचालित एयरपोर्ट, जेवर एयरपोर्ट शीघ्र शुरू
16,000 स्टार्टअप, 8 यूनिकॉर्न
15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्ताव

### पर्यटन और धार्मिक अर्थव्यवस्था

महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु
234 गांव पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित
लखनऊ 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी'

### बच्चों और युवाओं को लेकर बड़े एलान

उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में बच्चों के लिए बड़े एलान किए हैं। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि यूपी में नई योजनाएं के लिए 750 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। युवाओं को टैबलेट बांटे जाएंगे। सुरेश खन्ना ने बताया कि फ्री टैबलेट और स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केंद्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, माध्यमिक शिक्षा के लिए 22167 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। उच्च शिक्षा के लिए 6195 करोड़ की योजना प्रस्तावित है।

स्वास्थ्य– चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (पीपीपी मोड) ट्रॉमा सेंटर लेवल–2 चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास आईटी व एआई उत्तर प्रदेश एआई मिशन स्टेट डेटा सेंटर डेटा सेंटर क्लस्टर यू–हब की स्थापना 'ग्रीन' और 'पिंक' बजट पर फोकस ग्रीन बजट टैगिंग 23.5: तक बढ़ाई गई। 242 करोड़ से अधिक पौधारोपण, 1 गीगावाट से अधिक सोलर क्षमता। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण।

युवाओं के लिए यह योजनाएं: उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 5 वर्षों में 9.25 लाख युवाओं को विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित करते हुए प्रमाणीकृत किया गया। जिनमें से 4.22 लाख युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में सेवायोजित कराया गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केन्द्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। युवाओं को सरकारी नीति निर्माण और क्रियान्वयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानन्द युवा– सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत अब तक 49 लाख 86 हजार टैबलेटध्स्मार्टफोन निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक 90,000 मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपनी छवि बदलने के प्रयास किए हैं.. यह बजट उन्हीं भावनाओं को दर्शाता है... 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश का बजट तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। यह बजट महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं की क्षमता, किसानों के कल्याण और रोजगार पर केंद्रित है। इससे पहले, बुधवार को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में 2026–27 का राज्य बजट पेश किया, जिसमें उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार के पिछले और वर्तमान कार्यकाल के दौरान हासिल किए गए "सर्वांगीण विकास" पर प्रकाश डाला। राज्य की राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थिति और औद्योगिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में बेहतर रैंकिंग का उल्लेख किया। खन्ना ने राज्य विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडिया इंडेक्स में रैंकिंग 2018–2019 में 29वें स्थान से सुधरकर 2023–2024 में 18वें स्थान पर पहुंच गई है। राज्य सरकार ने फरवरी 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

# एपस्टीन से क्या था रिश्ता ?

## हरदीप पुरी ने खोला राज, राहुल गांधी के आरोपों को बताया निराधार

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को राहुल गांधी द्वारा लगाए गए उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिनमें उन्हें कुख्यात एपस्टीन कांड से जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि वे यौन अपराधी से अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान (प्च्) के प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में मिले थे। राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए सनसनीखेज भाषण के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री ने यह स्पष्टीकरण दिया। पुरी ने स्पष्ट किया कि एपस्टीन के साथ उनकी मुलाकातों का दिवंगत अमेरिकी फाइनेंसर के खिलाफ लगे आरोपों से कोई संबंध नहीं था। राहुल गांधी के भाषण पर हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हमारे पास एक युवा नेता हैं जिन्होंने आज संसद के समक्ष कुछ मुद्दे रखे। उन्हें निराधार आरोप लगाने की आदत है। दो प्रकार के नेता होते हैंरू एक वे जो राजनीतिक व्यवस्था में जिम्मेदारी ग्रहण करते हैं और अपना जीवन समाज सेवा, देश के रूपांतरण के लिए समर्पित करते हैं, और दूसरे वे जो अपना जीवन इस बात को सुनिश्चित करने में लगाते हैं कि उनके जीवनकाल में देश दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। और फिर कुछ ऐसे नेता भी होते हैं जो कभी–कभार देश में आते हैं, और जब वे संसद में आते हैं, तो किसी के द्वारा ठोस जवाब दिए जाने पर और उनकी बात न सुनने पर सदन से बाहर चले जाते हैं। आज वे अपने भाषण के बाद ही चले गए।



हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि युवा नेता को यह पता होना चाहिए कि एपस्टीन फाइल्स कुकर्मों और आपराधिक मामलों से संबंधित हैं। एपस्टीन फाइल्स में उन आरोपों का जिक्र है कि उनके पास एक द्वीप था जहां वे लोगों को उनकी यौन कल्पनाओं को पूरा करने के लिए ले जाते थे, उन पर बाल यौन शोषण के आरोप हैं, और इसके पीड़ित भी हैं। उन पीड़ितों ने अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज कराए हैं। मेरी बातचीत का इससे कोई लेना–देना नहीं था।

उन्होंने कहा कि आईपीआई में मेरे बॉस एपस्टीन को जानते थे और मैं उनसे प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में केवल कुछ मौकों पर, सटीक रूप से कहें तो 3 या अधिकतम 4 बार ही मिला था। हमारी मुलाकातों का (उन अपराधों से) कोई लेना–देना नहीं था, जिनका उन पर आरोप है। उन्होंने कहा कि मुझे एपस्टीन की गतिविधियों में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उनके लिए मैं श्सही व्यक्तिश नहीं था। एपस्टीन ने मुझे दोमुँहा कहा था।

## हुमायूं कबीर का बड़ा संकल्प, मुर्शिदाबाद में बनेगी बाबरी मस्जिद, बोले– कोई हमें रोक नहीं सकता



जन उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने बुधवार को मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में बनने वाली नई मस्जिद के निर्माण का शुभारंभ किया। इस मस्जिद का नाम श्बाबरी मस्जिदश रखा जाएगा और उन्होंने घोषणा की कि यह परियोजना अगले दो वर्षों में पूरी हो जाएगी। उन्होंने अपने साथ खड़े लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित नई मस्जिद का निर्माण आज से शुरू होगा। जन उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर इस मस्जिद का नाम श्बाबरी मस्जिदश रखना चाहते हैं। जन उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैं सर्वशक्तिमान ईश्वर का धन्यवाद करता हूं। आज इतने सारे लोग मेरे साथ खड़े हैं, मैं उन सभी का आभारी हूं। जो चाहें मेरा विरोध करें। मुझे उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में बाबरी मस्जिद का ढांचा पूरा हो जाएगा। मंदिर बनाना ठीक है, लेकिन अगर कोई मुसलमान मस्जिद बनाना चाहता है, तो लोग इसका विरोध कर रहे हैं। हम उन्हें सत्ता से बेदखल कर देंगे। इससे पहले जनवरी में, जन उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद के निर्माण के साथ–साथ एक अस्पताल और एक विश्वविद्यालय के निर्माण की पुष्टि की थी। कबीर ने मुर्शिदाबाद में 5 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में यह जानकारी दी, जिसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करना था। उन्होंने कहा कि यहाँ बाबरी मस्जिद बनेगी, अस्पताल बनेगा, विश्वविद्यालय बनेगा और लोगों के लाभ के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

## शरद पवार के स्वास्थ्य में सुधार, अगले दो दिनों में अस्पताल से मिल सकती है छुट्टी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख और राज्यसभा सांसद शरद पवार (85) की स्थिति अब स्थिर है। सीने में संक्रमण और सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें सोमवार को पुणे के रूबी हॉल क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने राहत भरी खबर देते हुए बताया कि उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। अगले दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्यसभा के सदस्य शरद पवार (85) ने सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत की थी जिसके बाद उन्हें सोमवार दोपहर पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से रूबी हॉल क्लीनिक लाया गया था। अस्पताल के चिकित्सक एवं न्यासी डॉ. साइमन ग्रांट ने एक बयान में बताया कि पवार का स्वास्थ्य स्थिर है और इसमें लगातार सुधार हो रहा है। उनकी समग्र नैदानिक घ्स्थिति स्थिर और संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने के समय सीने में जो जकड़न थी, उस परेशानी पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति शारीरिक तनाव और थकान के कारण है, खासकर हाल में की गई व्यापक यात्रा एवं लोगों से लगातार मुलाकातों के कारण यह थकान बढ़ गई है।



## मोहाली में हड़कंप! 16 निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में कुछ नहीं मिला

पंजाब के मोहाली में बुधवार सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब शहर के 16 प्रतिष्ठित निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तुरंत स्कूलों को खाली कराया और गहन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी (थ्प्त्) दर्ज कर ली है। धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए मामले को मोहाली के फेज–7 स्थित साइबर पुलिस थाने को सौंप दिया गया है। तकनीकी टीमें अब आईपी एड्रेस और ईमेल के ओरिजिन की जांच कर रही हैं। मोहाली में 16 निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी : अधिकारियों ने बताया कि गहन जांच के बाद किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। विद्यालय के अधिकारियों ने अभिभावकों को संदेश भेजकर छुट्टी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि स्कूल आ रहे छात्रों को वापस घर भेज दिया गया।



मानव मंगल स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल और लर्निंग पाथ्स स्कूल उन विद्यालयों में शामिल हैं जिन्हें बम की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए। पुलिस ने बताया कि विद्यालय के अधिकारियों ने सुबह साढ़े सात बजे से आठ बजे के बीच ईमेल प्राप्त होने की सूचना दी थी जिसके बाद उन्होंने कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों द्वारा अलर्ट जारी करने के बाद पुलिस ने शिक्षण संस्थानों की गहनता से जांच की। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, उनमें सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## गठबंधन रहेगा, पर मंत्री पद नहीं!

### एमके स्टालिन ने कांग्रेस के लिए तमिलनाडु में खींची रेड लाइन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए, क्योंकि राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में बोलते हुए, स्टालिन ने कांग्रेस जैसे डीएमके के सहयोगियों के साथ किसी भी प्रकार के साझा शासन मॉडल को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। हाल ही में कांग्रेस के भीतर से कुछ नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की मांग उठाई थी। स्टालिन ने जोर देकर कहा कि सत्ता–साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं होगी। स्टालिन ने कहा कि शासन में हिस्सेदारी की मांग तमिलनाडु पर लागू नहीं होती। वे इसे हमसे बेहतर जानते हैं। यह नारा उन लोगों की सोची–समझी साजिश है जो हमें एकजुट नहीं देख सकते। हालांकि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि राज्य में चुनाव होने पर कांग्रेस सहयोगी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निश्चित रूप से डीएमके गठबंधन में बनी रहेगी। हमारा गठबंधन सौहार्दपूर्ण है। मीडिया जानबूझकर कुछ अनावश्यक धारणाएं बना रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अपने संबंधों को दोनों पार्टियों के बीच निरंतर गठबंधन का एक महत्वपूर्ण तत्व बताया। गांधी ने डीएमके नेता कनिमोझी से बातचीत करके गठबंधन में तनाव कम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है ताकि कांग्रेस डीएमके के साथ बनी रहे। स्टालिन ने कहा कि राहुल गांधी मेरे भाई जैसे हैंय वे मेरे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने खुद भी कई बार यह कहा है। हमारा रिश्ता राजनीति से परे है। इससे पहले, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेल्वा पेरुंथगई ने भी संकेत दिया था कि डीएमके–कांग्रेस गठबंधन अंतिम रूप से तय है और औपचारिक सीट बंटवारे की बातचीत 22 फरवरी से शुरू होगी।



# बॉर्डर 2 के कहर के आगे बेखौफ हुई मर्दानी 3, दूसरे सडे धुआंधार छापे करोड़ों

रानी मुखर्जी ने 30 जनवरी, 2026 को श्मर्दानी 3य के साथ बड़े पर्दे पर अपना लॉन्ग अवेटेड कमबैक किया था. फिल्म में पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के अपने पॉपुलर किरदार में रानी ने एक बार फिर एक दमदार, सामाजिक थ्रिलर से धमाल मचा दिया है. फिल्म ने पहले हफ्ते में ठीक कमाई की थी और दूसरे वीकेंड पर तो इसने जबरदस्त तेजी दिखाते हुए खूब नोट बटोर लिए. चलिए यहां जानते हैं श्मर्दानी 3य ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?

रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है. बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की वॉर ड्रामा श्बॉर्डर 2य से कड़ी टक्कर का सामना करने के बावजूद, इस कॉप ड्रामा ने दूसरे वीकेंड पर धमाल मचा दिया है. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दूसरे संडे को यानी रिलीज के 10वें दिन 4 करोड़ रुपये कमाए हैं. यह बढ़ोतरी, हालांकि मामूली है, लेकिन यह बताता है कि फिल्म को वीकेंड और छुट्टी का फायदा मिला.

वहीं 9वें दिन (दूसरे शनिवार) को फिल्म ने लगभग 3.5 करोड़ रुपये कमाए, जो हफ्ते के दिनों के आंकड़ों की तुलना में एक अच्छी बढ़ोतरी है. इससे पहले, मर्दानी 3 ने गुरुवार और शुक्रवार दोनों दिन 1.85 करोड़ रुपये कमाए थे. 10वें दिन 4 करोड़ रुपये के कलेक्शन को मिलाकर, फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब लगभग 35.65 करोड़ रुपये हो गया है.

मर्दानी 3 को सिनेमाघरों में कड़ी टक्कर मिल रही है. सनी देओल और वरुण धवन की वॉर ड्रामा बॉर्डर 2 अभी भी आम दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है, जबकि संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की वध 2 जैसी नई रिलीज भी दर्शकों को खींच रही हैं. इस भीड़भाड़ वाले रिलीज विंडो ने मर्दानी 3 की दूसरे हफ्ते में ग्रोथ की उम्मीद को कम कर दिया है. हालांकि अच्छी वर्ड ऑफ माउथ और रानी मुखर्जी की स्टार पावर फिल्म को बनाए रखने में मदद कर सकती है, भले ही कलेक्शन में तेजी से उछाल आने की संभावना कम हो. अभिराज मिनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी के साथ जानकी बोदीवाला और मल्लिका प्रसाद भी मुख्य भूमिकाओं में हैं. तीन महीनों में सेट, कहानी शिवानी शिवाजी रॉय के इर्द–गिर्द घूमती है, जो 93 टीनएज लड़कियों के चौंकाने वाले गायब होने की जांच करती है, और एक बार फिर एक महिला पुलिस अधिकारी को अपराध के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई के केंद्र में रखती है.







## धनश्री वर्मा का गहरे हरे गाउन में ग्लैमरस लुक हुआ वायरल, तस्वीरें देख फैंस बोले– स्टनिंग ब्यूटी

धनश्री वर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर किया है. उनका ये नया फोटोशूट उनके फैशन सेंस और ग्लैमरस अंदाज का बेहतरीन उदाहरण है. गहरे हरे रंग की गाउन जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है उनके लुक को रॉयल टच दे रही है. गाउन का फिट और फैब्रिक उनके शरीर पर परफेक्ट बैठ रहा है जिससे उनका स्टाइल और भी



निखर कर सामने आ रहा है.

धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बेहद स्टाइलिश और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं.

इस फोटोशूट में उनका लुक ऐसा है कि देखते ही बन रही है. उन्होंने गहरे हरे रंग की गाउन पहनी है जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है.

गाउन का कट और फैब्रिक उनकी फिगर पर बिल्कुल फिट बैठ रहा है और ये उनके लुक में ग्लैमरस टच जोड़ रहा है.

फोल्डेड ट्रेन और डिजाइन उन्हें रॉयल और एलीगेंट लुक दे रहे हैं जो हर नजर को अपनी ओर खींच रहे हैं.

धनश्री के बाल सॉफ्ट वेवी स्टाइल में सेट किए गए हैं जिससे उनका चेहरा और भी निखर कर सामने आ रहा है.

मेकअप भी बहुत ही सिंपल है. उन्होंने हल्की स्मोकी आईज,सटल लिप कलर और चेहरे पर नैचुरल ग्लो उनके लुक को पूरा कर रहे हैं.

शाइनिंग हील्स उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच कर रही हैं .फोटोशूट में उनकी पोजिंग भी कमाल की है.

धनश्री ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, चमकों की दुनिया में कोमल कृपा. इस कैप्शन के साथ फैंस ने भी उन पर खूब प्यार लुटाया है. कमेंट सेक्शन में लोग लिख रहे हैं कि वह बहुत खूबसूरत दिख रही हैं,स्टनिंग ब्यूटी और उनकी ब्यूटी का क्या ही कहना है. उनके फैंस के प्यार और तारीफों ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर और भी वायरल बना दिया है.

## शालिनी पांडे और जहान कपूर की कॉमेडी सीरीज बैंडवाले की रिलीज तारीख जारी

विजय देवरकोंडा के साथ अर्जुन रेड्डी से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी नई वेब सीरीज को




लेकर चर्चा में आ गई हैं। उनकी इस म्यूजिकल कॉमेडी सीरीज का नाम बैंडवाले है, जिसे अक्षत वर्मा और अंकुर तिवारी ने निर्देशित किया है। ब्लैक वारेंट वाले जहान कपूर भी सीरीज का हिस्सा हैं, जो दिवंगत अभिनेता शशि कपूर के पोते हैं। ओएमएल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित बैंडवाले का प्रीमियर भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा।

बैंडवाले अमेजन प्राइम वीडियो की ओरिजनल सीरीज है। इसकी कहानी एक युवा कवयित्री मरियम (शालिनी) के इर्द–गिर्द घूमेगी जो अपनी स्वतंत्रता और आत्म–पहचान की तलाश में गुमनाम रूप से अपनी कविताओं को ऑनलाइन साझा करती है। उसकी जर्नी में उसका साथ रोबो और डीजे साइको देते हैं, जो उसके साथी और सबसे करीबी दोस्त हैं। सीरीज में जाने–माने कंपोजर यशराज मुखाते का संगीत भी शामिल है, जिससे कहानी की भावनात्मक यात्रा को आकार मिलता है। बैंडवाले वैलेंटाइन से एक दिन पहले, यानी 13 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इसमें शालिनी और जहान के अलावा स्वानंद किरकिरे, संजना दीपू, आशीष विद्यार्थी और अनुपमा कुमार सहित अन्य सितारे भी शामिल हैं। बता दें, शालिनी को आखिरी बार फिल्म राहु केतु में देखा गया था जो 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में थे।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कर किया नमन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की संकल्पना के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को भाजपा बर्डपुर मण्डल के शक्ति केन्द्र बर्डपुर न०9 के बूथ संख्या 62 पर निवर्तमान भाजपा मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय के द्वारा आयोजित समर्पण दिवस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि कर कोटिशः नमन किया । इस अवसर पर नितेश पाण्डेय ने कहा कि अंत्योदय व एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान राष्ट्र चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन है । अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र के विकास का परिचायक है, ऐसा विचार देने वाले दीनदयाल जी असंख्य पीढ़ियों के लिए राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बने रहेंगे। उनका तपस्यापूर्ण जीवन देश की सेवा के लिए आजीवन समर्पित रहा। राष्ट्र के पुनर्निर्माण की उनकी विचारधारा सदियों को प्रेरित करती रहेगी।इस दौरान शोभनाथ यादव उमेश यादव संतोष यादव संदीप राव रुचि उपाध्याय श्वेता पटवा सरिता जायसवाल अन्नू जायसवाल रीता जायसवाल प्रेमलता पासवान संगीता मौर्य शशि जायसवाल अमित कुमार चंद्रावती देवी आदि उपस्थित रहे।







## डीएम की अध्यक्षता में विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को लेकर बैठक का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 22 फरवरी 2026 (रविवार) को जनपद के एच0आर0पी0जी0 कॉलेज, खलीलाबाद में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के संबंध में जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज, सीनियर डिवीजन सुनील कुमार सिंह व जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के प्रचार–प्रसार, कार्य योजना एवं सफल आयोजन के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार सिंह द्वारा उपस्थित समस्त विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि विधिक सेवा एवं सहायता शिविर का आयोजन दिनांक 22 फरवरी 2026 (रविवार) को हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद, सन्त कबीर नगर में होगा। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा एवं सहायता शिविर के आयोजन का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ–साथ विभागीय स्टालों/कैंप के माध्यम से योजनाओं का प्रचार–प्रसार करना है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि दिनांक 22 फरवरी 2026 को एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित होने वाले विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में अपने विभाग से संबंधित लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ उनकी पात्रता के अनुसार दिलाया जाना सुनिश्चित करें तथा विभाग से संबंधित लाभार्थीपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल/कैंप लगाकर प्रचार–प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण विभाग, बाल विकास, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, .षि विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला पंचायती राज, उद्योग, मत्स्य, पशुपालन, श्रम विभाग, युवा कल्याण, चिकित्सा, डूडा, प्रोवेशन, नेडा सहित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त मेगा/वृहद विधिक सेवा एवं सहायता शिविर के सफल एवं भव्य आयोजन के .ष्टिगत अपने–अपने विभागों से संबंधित लाभार्थियों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें एवं विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रचार–प्रसार का स्टॉल/कैंप भी लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त संबंधित विभागीय अधिकारीगण उक्त विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में लाभान्वित कराए जाने वाले लाभार्थियों की सूची आगामी 15 फरवरी तक जिला विकास अधिकारी, संत कबीर नगर/नोडल अधिकारी को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराते हुए मो0नं0 9415251214 पर सूचित करें। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एस के तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार, युवा कल्याण अधिकारी आराधना द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



## द केरल स्टोरी 2 से जारी हुआ पहला गाना ओ माई, एक-एक शब्द करेगा भावुक

पहले पार्ट श्द केरल स्टोरीय ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का पहला गाना श्ओ माई रीय रिलीज किया गया है। श्ओ माई रीय गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निरूस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है। मन्नन शाह का सोलफुल म्यूजिक और मनोज मुंतशिर के इमोशनल लिरिक्स इस गाने को और भी खास बना देते हैं।







फिल्म का टीजर पहले पार्ट से कहीं ज्यादा शार्प और इंटेंस नजर आ रहा है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुके निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह की यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की कहानी दिखाती है। इन किरदारों को उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है।

कहानी तब और डार्क मोड़ पर पहुंचती है, जब ये तीनों लड़कियां दूसरे धर्म के युवकों के साथ रिलेशनशिप में आती हैं। जो कहानी प्यार से शुरू होती है, वह धीरे–धीरे एक डरावनी सच्चाई में बदल जाती है, जहां धर्मांतरण जैसे गंभीर मुद्दे सामने आते हैं।

श्द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्डय को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है। वहीं आशिन ए शाह ने इसे सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले को–प्रोड्यूस किया है। फिल्म 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ने किया पैदल गस्त



दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीरनगर। उपजिलाधिकारी संजीव राय व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल द्वारा सयुक्तरुप से आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं रमजान माह के .ष्टिगत थाना मेंहदावल अन्तर्गत कस्बा मेंहदावल में आमजन को सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु पैदल गस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल द्वारा सयुक्तरुप से आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं रमजान माह के .ष्टिगत थाना मेंहदावल अन्तर्गत कस्बा मेंहदावल में आमजन को सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु पैदल गस्त किया गया। गश्त के थानाध्यक्ष मेंहदावल सुरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय चौपाल में केंद्रीय बजट 2026 पर मंथन, 'हलवा प्रसाद' के साथ जनता से हुआ संवाद

## बजट जनकल्याणकारी व विकसित भारत 2047 की दिशा में मजबूत कदम हैं - जय प्रकाश

दैनिक बुद्ध का संदेश







**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के धोबहा चौराहे पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026 को लेकर विधानसभा स्तरीय चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद रहे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आमजन को इससे अवगत कराया। पूर्व मंत्री जय प्रकाश निषाद ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और गरीब वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बजट में रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान संसद में बजट प्रस्तुत किए जाने के अवसर पर आयोजित होने वाली परंपरागत हलवा सेरेमनी की तर्ज पर हलवा प्रसाद तैयार कर उपस्थित लोगों में वितरित किया गया। इससे आयोजन में सहभागिता और संवाद का वातावरण बना। पूर्व मंत्री ने बजट को ऐतिहासिक और सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बजट को विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया। इस दौरान लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, हरि सिंह, ओम प्रकाश अग्रहरि, पप्पू सिंह, राजेंद्र धुरिया, गणेश विश्वकर्मा, विनय पाठक, अमरेंद्र त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, राममूरत यादव, तुलसीराम अग्रहरि, वीरेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर के लिए उपेक्षापूर्ण है यूपी बजट: मणेन्द्र मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मणेन्द्र मिश्रा ने यूपी बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2026 – 27 का यूपी बजट बुद्धभूमि सिद्धार्थनगर की दृष्टि से उपेक्षापूर्ण है।जिले के महत्व से जुड़े कपिलवस्तु, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कालानमक चावल सहित अन्य प्रमुख विषयों के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। भाजपा सरकार के अंतिम बजट से जनपदवासी निराश है। मिश्रा ने कहा कि सिद्धार्थनगर भारत/नेपाल सीमा से सटा होने के कारण उत्तर प्रदेश में विशेष महत्व का जिला है। तथागत गौतम बुद्ध की क्रीड़ास्थली होने के कारण इसकी प्रसिद्धि वैश्विक है। कालानमक चावल की महक से यहां किसान सुदूर देशों तक जाने जाते हैं। लेकिन भाजपा सरकार के बजट में इन सभी बिन्दुओं पर घोर उदासीनता है। भारत/नेपाल सीमा का प्रमुख केंद्र बढ़नी लंबे समय से जाम से कराह रहा है जिसका स्थाई समाधान नहीं हो रहा। कपिलवस्तु में प्रत्येक वर्ष पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है लेकिन मुख्य स्तूप के आस पास बुनियादी सुविधाएं नदारद है। कालानमक उत्पादन करने वाले किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय अपने विस्तार और आधुनिकता के लिए बजट की ओर देख रहा था। इसी प्रकार उद्योग धंधों के लिए नौजवानों एवं कामगारों की प्रतीक्षा का अंत भी नहीं हो रहा। समग्रता में भाजपा सरकार के वर्तमान बजट में सिद्धार्थनगर को झुनझुना भी नहीं मिला।

# टीईटी अनिवार्यता पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बयान से भड़के शिक्षक, जलाया पुतला

दैनिक बुद्ध का संदेश






सिद्धार्थनगर। संसद में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी के लिखित जवाब के बाद वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षकों में असमंजस और असुरक्षा की भावना गहरा गई है। इस मुद्दे ने अब आंदोलन का रूप लेना शुरू कर दिया है। बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर बड़ी संख्या में शिक्षक बीएसए कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी की गई, पुतला दहन हुआ और लिखित जवाब की प्रतियां जलाकर नाराजगी व्यक्त की गई। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति उस समय की निर्धारित शैक्षणिक अर्हताओं के आधार पर हुई थी, जब टीईटी लागू नहीं था। ऐसे में वर्षों बाद नई अनिवार्यता लागू करना उनके अधिकारों और सेवा सुरक्षा के विपरीत है। यह केवल परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि लाखों शिक्षकों की सेवा स्थिरता और सम्मान से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि सरकार ने जल्द स्पष्टीकरण नहीं दिया तो असंतोष और बढ़ सकता है। जिला मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि सरकार को शिक्षकों की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्पष्ट आदेश जारी कर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत नहीं दी गई, तो वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रदर्शन के अंत में शिक्षकों ने एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस दौरान लालजी यादव, इन्द्रसेन सिंह, शिवाकांत दूबे, सुधाकर मिश्र, करूणेश मौर्य, शैलेंद्र मिश्र, रामशंकर पांडेय,आनंद राय सहित कई वरिष्ठ शिक्षक और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संसद में सांसद पाल ने सिद्धार्थनगर एवं बौद्ध सर्किट को वंदे भारत ट्रेन से जोड़ने का पूरक प्रश्न

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने बुधवार को संसद में रेल मंत्री से सिद्धार्थनगर को वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से बौद्ध सर्किट के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों से जोड़ने की संभावना पर पूरक प्रश्न पूछा।श्री पाल ने क्षेत्र के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि तेज गति रेल संपर्क से तीर्थ यात्रियों की आवाजाही बढ़ेगी, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस पर जवाब देते हुए रेल मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आशा व्यक्त की कि नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत तथा उत्तर प्रदेश में उच्च गति रेल कॉरिडोर के लिए केन्द्रीय बजट में की गई घोषणाओं से इस क्षेत्र को व्यापक लाभ मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि बेहतर रेल अवसंरचना से पहुंच आसान होगी, यात्रा समय कम होगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। सांसद जगदम्बिका पाल ने रेल मंत्री के उत्तर का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि ये पहल उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख आध्यात्मिक एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में और सशक्त बनायेगी तथा स्थानीय रोजगार और अवसंरचना विकास को भी बढ़ावा देगी।

# नपं शोहरतगढ़ में स्वास्थ्य होमियोपैथिक क्लीनिक का हुआ शुभारम्भ, क्षेत्र में खुशी की लहर

दैनिक बुद्ध का संदेश



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे में बुधवार को दुल्लीचन्द खाद भण्डार, शोहरतगढ़ के समीप स्वास्थ्य होमियोपैथिक क्लीनिक का शुभारम्भ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल एवं मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं उद्घाटन अवसर पर डॉ0 उमेश कुमार चौरसिया (बीएचएमएस) ने बताया कि क्लीनिक में सामान्य रोगों के साथ–साथ त्वचा, एलर्जी, पेट, जोड़ों के दर्द, बच्चों एवं महिलाओं से सम्बन्धित रोगों का आधुनिक होमियोपैथिक पद्धति से इलाज किया जायेगा। कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश, जगदीश चौरसिया, राजेश चौरसिया, पर्वेन्दर यादव, घनश्याम बाबा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने क्लीनिक खुलने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कस्बे में होमियोपैथिक क्लीनिक की शुरुआत से मरीजों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। क्लीनिक खुलने से क्षेत्र में अच्छी लहर देखी जा रही है।

# युवाओं किसानों और श्रमिकों के लिए बजट में प्रावधान

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। भारत सरकार के बजट के बाद बुद्धवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना बजट पेश किया जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12: अधिक रहा। इस वर्ष का बजट लगभग 9 लाख 12 हजार 669 करोड़ रूपये का है। इस बार के बजट में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और .षि पर विशेष ध्यान दिया है। इस बार का बजट राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। सरकार ने इस बजट में युवाओं किसानों और श्रमिकों के लिए बजट में प्रावधान करके संतुलन बनाने का काम किया है लेकिन वहीं पर कर्मचारियों को निराश भी किया। इस पूरे बजट में कर्मचारियों के लिए बजट का कहीं कोई प्रावधान नहीं दिया गया है और इस भारी भरकम बजट से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी, संविदा कर्मचारी के लिए एसीपी का प्रावधान, पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों को गायब कर दिया गया है। सरकार को अपने इस बजट में पुरानी पेंशन के लिए फिर से विचार करते हुए बजट का आवंटन करना चाहिए।

# भाजपा कार्यालय में समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश




डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। भारतीय जनसंघ के सह–संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डुमरियागंज स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में समर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान स्वैच्छिक समर्पण निधि एकत्रित की गई। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, सिद्धांतों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पं. दीनदयाल के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। एकात्म मानववाद की अवधारणा को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार समर्पण निधि में योगदान किया तथा सकारात्मक और जनहितकारी सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्र प्रकाश वर्मा, अमरेंद्र त्रिपाठी, दिलीप पाण्डेय, अजय अग्रहरि, अजय चौधरी, रघुनंदन पाण्डेय, राजू कन्नौजिया, श्याम लाल, अमन गौड़ आदि मौजूद रहे।

# शिवपति इन्टर कालेज के बच्चों का हुआ विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश






शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत शोहरतगढ़ के शिवपति इन्टर कालेज में बुधवार को हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट की छात्र–छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य विक्रम यादव, उप प्रधानाचार्य राम बिलास यादव व अध्यापक राम प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। साथ ही छात्र–छात्राओं ने शिक्षकों को अपनी हाथों से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं जूनियर छात्र–छात्राओं ने सीनियर्स छात्र–छात्राओं को उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। आपको बता दें कि शिवपति इन्टर कालेज में हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट की 700–700 छात्र–छात्राओं की संख्या में बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्.तिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। शिक्षकों ने विदा हो रहे छात्र–छात्राओं को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी।

उप प्रधानाचार्य राम बिलास यादव ने छात्राओं से पूर्ण एकाग्रता से परीक्षा देने का आह्वान करते हुए कहा कि स्कूल से उत्तीर्ण छात्र ही समाज में अपने स्कूल का दर्पण होते हैं और छात्रों की सफलता ही शिक्षकों के लिए गुरु दक्षिणा है। उक्त कार्यक्रम में शिवपति इन्टर कालेज के शिक्षक और हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट के शालिनी साहनी, आस्था, चादनी चौधरी, खुशी, ज्योति, संजना, सपना, सोलोनी वर्मा, निमा, मिनाक्षी, निधि, अंकिता, रंजना, कविता एवं कमलेश, अजय, परमेश्वर, पंकज, अलोक, राजेश, दिनेश, दीपक, अनिल, सुग्रीव सहित सैकड़ों छात्र–छात्रा उपस्थित रहें।

# दबंगो ने मारा पीटा, घर पर कब्जे की कोशिश: एसपी से लगाया न्याय की गुहार



दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बंधुआ निवासी हजारी यादव पुत्र टिहुर ने निर्माणाधीन घर में जबरिया कब्जा करने की कोशिश, मारपीट कर जान से मार देने की धमकी देने, नल, पशुओं के चारा मशीन, हौदी, वा घर का दरवाजा तोड़कर घर का सामान, जेवरात उठा ले जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। एसपी को दिये पत्र में हजारी यादव ने कहा है कि विगत 8 फरवरी को पड़ोसी पुजारी यादव पुत्र टिहुर यादव घर के नल, पशुओं के चारा मशीन, हौदी, वा घर का दरवाजा तोड़कर घर का सामान, जेवरात उठा ले गये। विकास यादव, छोटो पुत्री सीमा यादव, विपिन यादव, अमरनाथ् यादव, नवीन यादव पुत्रगण पुजारी यादव, अभिषेक आदि ने मिलकर हजारी यादव को मारा पीटा। निर्माणाधीन घर में जबरिया कब्जा करने की कोशिश करते हुये भैस आदि ला कर बांध रहे हैं। थाने पर तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया। हजारी यादव ने मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय और उसे न्याय दिलाया जाय।

# गाजे बाजे के साथ वशिष्ठ धाम बढ़नी मिश्र से निकली आमंत्रण रथयात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश



बस्ती। महर्षि वशिष्ठ धाम बढ़नी मिश्र में 18 से 26 फरवरी तक आयोजित हो रही वशिष्ठ रामायण कथा के निमित्त जारी विविध कार्यक्रमों की श्रंखला मे आज वशिष्ठ धाम बढ़नी मिश्र से आमंत्रण रथयात्रा निकाली गई। रथ यात्रा वशिष्ठ धाम से निकलकर अयोध्या धाम तक जायेगी जहां रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व तीन कलश मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी, यात्रा का स्वागत कर रामायण कथा का आमंत्रण स्वीकार करेंगे। इसके साथ ही भगवान राम के परिवार को कथा का आमंत्रण स्वीकार कर प्रभु श्रीराम दरबार को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि 18 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाली वशिष्ठ रामायण कथा विश्व में पहली बार हो रही है। इससे पहले यह कथा कहीं नही हुई है। जगद्गुरू तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य के श्रीमुख से लाखों श्रद्धालु कथा का रसपान करेंगे। वशिष्ठ धाम की ख्याति और गौरव इस कथा के माध्यम से पूरी दुनिया मे पहुचेगी। उन्होने आयोजन को सफल बनाने की आमजनमानस से अपील किया। यात्रा के साथ प्रमुख रूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश मिश्र, गुरूदत्त मिश्र, मनु पाण्डेय, कपिलदेव सिंह मम्मू, जगदीश पाण्डेय, अमरेश पाण्डेय, चन्द्रमणि मिश्रा, आशीष सिंह, पं० सरोज मिश्र, राजेश त्रिपाठी, राजेश चित्रगुप्त, सर्वेश श्रीवास्तव, कैलाश मोहन श्रीवास्तव, सतेन्द्र श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, सतीश सोनकर, श्रुति अग्रहरि, रणजीत सिंह, राकेश मिश्र आदि मौजूद रहे। आमंत्रण रथयात्रा में गुरू वशिष्ठ की प्रतिमा, रामदरबार, मुख्य आकर्षण रहा। डीजे पर भक्ति गीतों की गूंज, सैकड़ों मोटरसाइकिलें, चार पहिया वाहन बरबस ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

## सम्पादकीय

**उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के संदर्भ में फरवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, सरकार और शिक्षा विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने के लिए इन कदमों को उठाया हैं। उत्तर प्रदेश की स्थिति जानिए। उत्तर प्रदेश में कार्यरत लगभग 30,000 से अधिक ऐसे शिक्षक जो आर टी ई लागू होने के बाद नियुक्त हुए पर टेट पास नहीं थे, उन्हें सितंबर 2027 तक का ...**

# टेट की अनिवार्यता, सुप्रीम कोर्ट का आदेश और सरकार



सीटेट 2026 में 7 और 8 फरवरी को परीक्षाएं आयोजित हुईं। गौरतलब है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा ( टेट ) की अनिवार्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ( सितंबर 2025 / फरवरी 2026 ) और सरकार की ओर से अत्यंत महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश सामने आए हैं। इसके मुख्य बिंदुओं को देखिए। ( 2025–26 ) सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए टेट को एक ष्न्यूनतम अनिवार्य योग्यताष माना है। इन–सर्विस (कार्यरत) शिक्षकों के लिए कोर्ट ने आदेश दिया है कि कक्षा 1 से 8 तक के वे सभी शिक्षक, जिन्होंने अभी तक टेट उत्तीर्ण नहीं किया है, उन्हें 2 साल के भीतर (संभवतः सितंबर 2027 तक) यह परीक्षा पास करनी होगी। यदि शिक्षक दी गई समय सीमा के भीतर टेट उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेनी पड़ सकती है या सेवा से हटना पड़ सकता है। टेट प्रमोशन के लिए अनिवार्य है। जो शिक्षक टेट पास नहीं करेंगे, वे भविष्य में किसी भी प्रकार के प्रमोशन (पदोन्नति) के पात्र नहीं होंगे। अदालत ने मानवीय आधार पर कुछ श्रेणियों को छूट या समय दिया है। जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में 5 साल से कम का समय बचा है, उन्हें नौकरी में बने रहने के लिए टेट से छूट दी गई है। हालांकि, उन्हें प्रमोशन नहीं मिलेगा। पुराने शिक्षक ( प्री–2010 / 2011) पहले माना जाता था कि आर टी ई एक्ट ( 2009 ) से पहले नियुक्त शिक्षकों को छूट है, लेकिन ताजा फैसले के अनुसार अब सभी को ( जिनकी नौकरी 5 साल से ज्यादा बची है। ) यह परीक्षा पास करनी होगी। सरकार और एन सी टी ई की गाइडलाइंस देखिए। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे इन 2 वर्षों में पर्याप्त टेट परीक्षाओं (जैसे 2026 में विशेष टेट ) का आयोजन करें ताकि शिक्षकों को मौका मिल सके। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के नियमों के अनुसार, प्राथमिक (1–5) के लिए पेपर –1 और उच्च प्राथमिक (6–8) के लिए पेपर –2 पास करना अनिवार्य है। ध्यातव्य है कि सामान्य वर्ग के लिए 60% (90 अंक) और आरक्षित वर्गों (ओ बी सी / एस सी / एस टी ) के लिए 55% (82 अंक) का मानक बना हुआ है। वर्तमान स्थिति (फरवरी 2026) के बारे में जानिए। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लाखों शिक्षक इस फैसले से प्रभावित हो रहे हैं। कई शिक्षक संगठन सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि वरिष्ठ शिक्षकों को उम्र के इस पड़ाव पर परीक्षा से छूट दी जाए, लेकिन वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट का आदेश प्रभावी है। उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के संदर्भ में फरवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, सरकार और शिक्षा विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने के लिए इन कदमों को उठाया हैं। उत्तर प्रदेश की स्थिति जानिए। उत्तर प्रदेश में कार्यरत लगभग 30,000 से अधिक ऐसे शिक्षक जो आर टी ई लागू होने के बाद नियुक्त हुए पर टेट पास नहीं थे, उन्हें सितंबर 2027 तक का अंतिम अवसर दिया गया है। सरकार उन शिक्षकों के लिए एक श्विशेष अवसरश के रूप में यू पी टेट आयोजित करने की योजना बना रही है जो सेवा में है। फिलहाल अब सभी शिक्षक जो टेट उत्तीर्ण नहीं हैं उनके लिए करो या मरो, जैसी स्थिति है । फिलहाल सरकार को प्रत्येक छः माह के अंतराल पर इस परीक्षा को आयोजित करना चाहिए।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# प्यार के प्रपंच के लिए प्रेमियों का मंच

कुछ लोग कहते हैं कि प्यार एक युद्ध का मैदान है। दूसरे कहते हैं कि प्यार एक यात्रा है। यकीन मानिए, प्यार किसी फर्नीचर टेबल को असेंबल करने जैसा हैकृउलझन भरा। वैलेंटाइन वीक शुरू हो चुका है। साल का वह ऐतिहासिक दिन वैलेंटाइन डे आने वाला है, जिसकी याद में कुछ नौजवान–नवयुवतियां कब से दुबले हुए जा रहे हैं। यह एक ऐसा दिन है जिसे सिंगल लोगों को नाकाम महसूस कराने और कपल्स को यह सोचने पर मजबूर करने के लिए बनाया गया है कि क्या सौ रुपये का चॉकलेट का डिब्बा सच में मॉडर्न रोमांस के अस्तित्व के डर को सही ठहराता है। यह एक बनाया हुआ मास्टरपीस है जहां प्यार साबित करने के लिए, या कम से कम भूलने के डर से लाखों कार्ड्स और बिलियन संदेशों का आदान–प्रदान किया जाता है। यह साल का वह दिन भी है जब पचास का अदना–सा टेडी बियर पांच सौ रुपये से ज्यादा कीमत पर खरीदना 'सोच–समझकर किया गया काम' माना जाता है। यह सेल्फ–केयर पर ध्यान देने का एक शानदार दिन है, जिसका आमतौर पर मतलब पिज्जा ऑर्डर करना और इन सब की बेवकूफी पर हंसना होता है। सिंगल लोगों के लिए यह दिन लाल रंग से बचने और फुटपाथ पर भीड़ लगाने वाले भावुक, हाथ पकड़े कपल्स को नजरअंदाज करने की 24 घंटे की कसरत है। आखिरकार, यह एक ऐसा दिन है जब हर कोई –चाहे वह रिलेशनशिप में हो या सिंगल– बस 15 फरवरी का इंतजार कर रहा होता हैय जब गुलाब, फूलों के गुलदस्ते, चॉकलेट, कैंडी सौ प्रतिशत डिस्काउंट पर मिल जाते हैं। चौदह फरवरी दूसरे दिनों जैसा नहीं है। यह वैलेंटाइन डे है, जो साल का वह एक दिन होता है जब जोड़े एक–दूसरे को पसंद करने का प्रपंच करते हैं और अपने 'परफेक्ट' रिश्तों को दिखाते हैं। मूलतरू गुलाब और चॉकलेट के लेनदेन का यह पूंजीवादी दिन कपल्स के लिए बनाया गया है। सिंगल लोगों का क्या? इसका मतलब यह नहीं है कि जोड़ों को इस साल खुश रहने का मौका मिलना चाहिए। अब समय आ गया है कि सिंगल लोग वैलेंटाइन डे पर अपना हक वापस लें। एक–दूसरे के प्यार में डूबे जोड़ों पर पूंजीवाद की बड़ी–बड़ी चीजों और महंगी डेट्स की भूख को पूरा करने का दबाव होता है। वैसे भी हम आबादी के मामले में दुनिया में नंबर वन हैं। अब आप सभी को एक–दूसरे को प्यार दिखाने की इजाजत देंगे, तो परिणाम की कल्पना कर सकते हैं! कुछ लोग कहते हैं कि प्यार एक युद्ध का मैदान है। दूसरे कहते हैं कि प्यार एक यात्रा है। यकीन मानिए, प्यार किसी फर्नीचर टेबल को असेंबल करने जैसा हैकृउलझन भरा। याद रखिए, सिंगल लोग वैलेंटाइन्स डे को 'इंडिपेंडेंस डे' कहते हैं। चलते–चलते वैलेंटाइन डे पर पैसे बचाने का टिप लीजिए। 13 फरवरी को ब्रेकअप करो, 15 तारीख को फिर से साथ आ जाओ।

# प्रकृति रक्षा के लिए कड़े कानूनी बदलावों की जरूरत

**यह कानून विकास का विरोधी नहीं, बल्कि 'जिम्मेदार और सतत विकास' का समर्थक है। यह संतुलित प्रगति की परिभाषा है जहां मानवता और प्रकृति सह–अस्तित्व में फलें–फूलें। निश्चित रूप से, ईकोसाइड कानून के मार्ग में 'गंभीर क्षति' को परिभाषित करने और साक्ष्य जुटाने जैसी चुनौतियां हैं। इसके समाधान के लिए हमें अपने कानूनी शिक्षण में 'अर्थ ज्यूरिसप्रुडेंस' को शामिल करना होगा। अब हम जोशीमठ...**

औद्योगिक घराने पर्यावरण का नुकसान करके भारी मुनाफा कमाते हैं और कानून उल्लंघन पर जुर्माने की मामूली राशि चुका देते हैं। इस व्यवस्था ने पैसे को संरक्षण के बजाय विनाश का 'लाइसेंस' बना दिया है। ईकोसाइड अवधारणा इस दायित्व को 'कठोर आपराधिक उत्तरदायित्व' में बदलने की वकालत करती है। मानवता ने अपनी प्रगति की गाथा अक्सर प्रकृति की कीमत पर लिखी है। औद्योगिक क्रांति से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक, हमने विकास की अंधी दौड़ में कंक्रीट के ढेर तो खड़े कर लिए, लेकिन इसकी वजह से नदियों को विषाक्त नालों और हरे–भरे जंगलों को रेगिस्तान में तब्दील कर दिया। आज जब हिमालय की नींव धंस रही है और हवा सांसों में जहर घोल रही है, तब एक तीखा सवाल सामने है – क्या अपराध इंसानों के खिलाफ ही 'संगीन' होते हैं? इसी सवाल से एक क्रांतिकारी शब्द ने जन्म लिया – 'ईकोसाइड' यानी 'प्रकृति का नरसंहार'। जिस प्रकार विश्व ने 'जेनोसाइड' को मानवता के विरुद्ध वीभत्स अपराध मानकर दंडित किया, अब प्रकृति के विरुद्ध किए जा रहे इस व्यवस्थित विनाश को भी उसी अंतरराष्ट्रीय कानूनी श्रेणी में रखा जाए। अब न्याय केवल इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि जंगलों और नदियों के लिए भी होना चाहिए, जिनका अस्तित्व हमारी लालसा की भेंट चढ़ गया। वर्तमान परिदृश्य में 'प्रदूषण फैलाने वाला भुगतान करे' का सिद्धांत अपनी सार्थकता खोकर केवल 'वैध व्यापारिक लागत' बनकर रह गया है। बड़ी कंपनियां और औद्योगिक घराने पर्यावरण विनाश से भारी मुनाफा कमाते हैं और कानूनों का उल्लंघन करने पर लगने वाले जुर्माने को अपनी बैलेंस शीट में मामूली खर्च मानकर चुका देते हैं। इस व्यवस्था ने पैसे को संरक्षण के बजाय विनाश का 'लाइसेंस' बना दिया है। ईकोसाइड की अवधारणा इसी खामी पर प्रहार करते हुए नागरिक दायित्व को 'कठोर आपराधिक उत्तरदायित्व' में बदलने की वकालत करती है। संदेश देती है कि प्रकृति कोई 'कमोडिटी' नहीं जिसे नष्ट करके उसकी कीमत चंद रुपयों में चुकाई जा सकेय बल्कि जीवंत इकाई है। जब भोपाल गैस त्रासदी और श्रीराम फर्टिलाइजर्स जैसी भयावह घटनाएं हुईं, तो न्यायपालिका ने कानून की सीमाओं को विस्तार दिया। न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती ने एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1987) के मामले में 'एब्सोल्यूट लायबिलिटी' (पूर्ण दायित्व) का सिद्धांत प्रतिपादित किया। स्पष्ट किया कि यदि कोई उद्योग किसी खतरनाक गतिविधि में लगा है और उससे पर्यावरण को कोई नुकसान होता है, तो वह उद्योग बिना अपवाद उत्तरदायी होगा। ईकोसाइड कानून इसी 'पूर्ण दायित्व' के विचार को अगले स्तर पर ले जाता है। यह केवल क्षतिपूर्ति की बात नहीं करता, बल्कि व्यक्तिगत जवाबदेही और जेल की सजा का प्रावधान करता है ताकि जिम्मेदार अधिकारियों में कानून का भय और प्रकृति के प्रति सम्मान पैदा हो। कानूनी रूपांतरण का वह चरण जहां पर्यावरण का विनाश मानवता के खिलाफ संगीन जुर्म माना जाएगा। इस कानूनी विमर्श का मुख्य केंद्र 'मानव–केंद्रित' दृष्टिकोण से हटकर 'प्रकृति–केंद्रित' न्यायशास्त्र को अपनाना है। भारतीय संविधान (अनुच्छेद 51ए(जी) और 21) पहले से ही पर्यावरण संरक्षण को कर्तव्य और अधिकार मानता है। लेकिन अब समय है प्रकृति के 'स्वतंत्र अधिकारों' को मान्यता देने का। ए. नागराजा (2014) और सलीम बनाम उत्तराखंड राज्य (2017) जैसे मामलों ने जानवरों और नदियों (गंगा–यमुना) को 'विधिक व्यक्ति' का दर्जा देकर नई राह दिखाई है। यदि एक नदी कानून की नजर में 'व्यक्ति' है, तो उसे प्रदूषित करना 'हत्या के प्रयास' जैसा गंभीर अपराध माना जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर ईकोसाइड को अपराध घोषित करने की मुहिम तेज हो रही है, जहां बेल्जियम और फ्रांस जैसे देशों ने अपने घरेलू कानूनों में इसे शामिल कर मिसाल पेश की है। वर्तमान में 'स्टॉप ईकोसाइड इंटरनेशनल' जैसे संगठन यह प्रयास कर रहे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की 'रोम संविधि' में संशोधन कर ईकोसाइड को नरसंहार और युद्ध अपराधों की श्रेणी में 'पांचवां अंतर्राष्ट्रीय अपराध' घोषित किया जाए। ताकि कोई राष्ट्र या कॉर्पोरेट विकास की आड़ में पर्यावरण को अपूरणीय क्षति न पहुंचा सके। भारत के लिए ईकोसाइड कानून अपनाना केवल एक कानूनी सुधार नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटना होगा। 'वसुधैव कुटुंबकमष्' और 'माता भूमिरू पुत्रो अहं पृथिव्यारू' के दर्शन को मानने वाले देश के लिए प्रकृति के अधिकारों की रक्षा करना एक स्वाभाविक कदम है।



# किशोरों की यौन स्वायत्तता से जुड़े यक्ष प्रश्न

**किशोरावस्था जीवन के विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसमें किशोरों के शरीर में प्राकृतिक, रचनात्मक और हार्मोनल परिवर्तन होते हैं, जो कालान्तर में मनुष्योचित भावनाओं के प्रारम्भ और परिपक्वता का कारण बनते हैं। इस उम्र में परस्पर आकर्षण, अनुराग और प्रेम जैसे कोमल भाव तथा अपने विपरीत लिंग की यौनता एवं शारीरिकता को जानने की तीव्र इच्छा किशोरों के ...**



किशोरावस्था में शरीर में प्राकृतिक रूप से हार्मोनल परिवर्तन होते हैं। इस उम्र में आकर्षण, अनुराग और प्रेम जैसे कोमल भाव तथा विपरीत लिंग की यौनता को जानने की तीव्र इच्छा किशोरों के सामान्य लक्षण हैं। उचित मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव में प्रायः किशोर भटकते है। किशोर यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो एक्ट) के दुरुपयोग को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से यह विचार करने को कहा है कि क्यों न 'रोमियो–जूलियट' उपबन्ध जोड़कर किशोरों के बीच पारस्परिक सहमति से बने यौन व्यवहार को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया जाए। इस परामर्श का उद्देश्य किशोरों को अपराधीकरण से बचाने के साथ उनकी यौन स्वायत्तता को व्यावहारिकता के नजरिए से देखना भी है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के प्रकाशन 'क्राइम इन इण्डिया–2023' के अनुसार पूरे देश में 'पोक्सो एक्ट' के अन्तर्गत कुल 7,305 मामले दर्ज हुए थे, इनमें से 4,321 मामले बलात्कार, 2,619 गलत यौन–स्पर्श और 264 मामले अन्य प्रकार के यौन–उत्पीड़न से सम्बन्धित थे। इन मामलों में 18 वर्ष से कम आयु के 2,478 नाबालिगों की संलिप्तता भी पाई गई थी जिन्हें हिरासत में लिया गया था। 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों के बीच शारीरिक सम्बन्ध 'पोक्सो एक्ट' के प्रावधानों के अनुसार पूर्णतया प्रतिबन्धित है और घोषित संगीन अपराध है। अतः नाबालिगों के बीच सहमति से बने शारीरिक सम्बन्धों के मामलों में कानून लागू करने वाली एजेंसियां अक्सर इस दुविधा में पड़ जाती है कि कानून को 'जैसा है वैसा ही' लागू किया जाए या 'जैसा होना चाहिए' वैसा लागू किया जाए। विदित हो कि कानून की व्याख्या करने और उसे 'जैसा होना चाहिए' वैसा लागू करने के आदेश देना केवल संवैधानिक न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र है। पुलिस और निचली अदालतें कानून को जस का तस लागू करने के लिए ही अधिकृत हैं, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को इस विषय पर ऐसा उपाय करने का सुझाव दिया है, जिससे सहमति से यौन सम्बन्ध बनाने वाले अवयस्कों को कानून का संरक्षण प्राप्त करने के लिए बार–बार उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय की शरण में न आना–जाना पड़े। इस उपाय को सर्वोच्च न्यायालय ने 'रोमियो–जूलियट' उपबन्ध की संज्ञा दी है। 'रोमियो–जूलियट' उपबन्ध अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रथाओं में पहले से ही मौजूद है, जहां अवयस्कों के बीच बने सम्बन्धों और निकटता की बारीकियों को मानव विकास प्रक्रिया का एक आवश्यक हिस्सा माना जाता है। इन कानूनों को इस प्रकार बनाया गया है कि आपराधिक यौन–विचलन और सहमति पर आधारित गैर–शोषणकारी किशोर शारीरिक सम्बन्धों के बीच कानून लागू करने वाली संस्थाएं अपने स्तर पर ही विभेद कर सके ताकि किशारों के अनावश्यक अपराधीकरण को रोका जा सके। संयुक्त राज्य अमेरिका के कम से कम 43 राज्यों ने यौन गतिविधियों में संलिप्त किशोरों को अपराधी बनाए जाने से बचाने के लिए 'क्लोज–इन–एज' छूट (आयु–समीपता अपवाद) सिद्धांत को अपनाया है। इस अपवाद में एक आयु वर्ग के किशारों को अपने से नजदीक के आयु वाले अवयस्क के साथ सहमति से किया गया यौन व्यवहार को अपराध नहीं माना जाता है। कनाडा में 14 और 15 वर्ष के अवयस्क अपने से पांच वर्ष के आयु–अन्तर वाले साथी के साथ सहमति से सम्बन्ध स्थापित कर सकते हैं। फिलीपींस के कानून में 16 वर्ष की आयु वाले किशोरों को तीन वर्ष के आयु–अन्तर वाले साथी के साथ शारीरिक निकटता की अनुमति है। जॉर्जिया में नाबालिगों द्वारा परस्पर सहमति से तीन वर्ष तक के आयु–अन्तर वाले साथी के साथ यौन व्यवहार को बलात्कार नहीं दुर्व्यवहार माना जाता है। भारत में यौन सहमति की आयु 18 वर्ष है, यहां तक कि असहमति से बनाए गए सम्बन्ध को लेकर नाबालिग पत्नी अपने पति पर भी दुराचार का मुकदमा दायर कर सकती है। 'पोक्सो एक्ट' एक लिंग–निरपेक्ष कानून है और इस कानून में अवयस्कों द्वारा यौन व्यवहार के लिए दी गई पारस्परिक तथ्यात्मक सहमति की मान्यता नहीं है। तदानुसार, नाबालिगों द्वारा यौन गतिविधियों में संलिप्तता स्वतः ही अपराध बन जाती है। सहमति से सम्बन्ध स्थापित करने वाले किशोरों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने में 'पोक्सो एक्ट' की धारा 19(1) का प्रमुख योगदान है, जिसके अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, जिनमें चिकित्सा पेशेवर भी शामिल हैं, यदि किसी नाबालिग के यौन गतिविधि में शामिल होने की जानकारी प्राप्त कर लेता है, तो उसे इसकी सूचना पुलिस को देना कानूनी रूप से अनिवार्य हो जाती है। ऐसी रिपोर्ट न करने वालों को 6 माह तक के कारावास का दण्ड दिया जा सकता है। परिणामस्वरूप, नाबालिग विवाहित गर्भवती महिलाएं और यौन गतिविधियों में शामिल अविवाहित किशोर अपनी चिकित्सीय समस्याओं के निदान के लिए योग्य डाक्टरों के पास जाने से कतराते हैं। झोलाछाप डाक्टरों की शरण में जाने को मजबूर होते हैं। कभी–कभी अति चिन्ताग्रस्त माता–पिता, सामाजिक दबाव के चलते अथवा व्यक्तिगत प्रतिशोध के वशीभूत, अपने बच्चों के सहमति–आधारित सम्बन्धों को बलात्कार या छेड़छाड़ के रूप दिखा पुलिस को सूचना दे देते हैं, ताकि पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत उनके अवयस्क यौन साथी को दण्डित कराया जा सके। वर्ष 2023 में 'पोक्सो एक्ट' के अन्तर्गत 2,478 मामले नाबालिगों के विरुद्ध दर्ज हुए थे। इनमें से कुछ परस्पर सहमति से जिज्ञासावश बनाए गए सम्बन्ध भी शामिल हैं।



# डबल सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत, ये रही मैच की बड़ी बातें

टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप–डी में आज क्रिकेट इतिहास का एक सबसे रोमांचक मैच देखने को मिला। दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच खेला गया यह मुकाबला डबल सुपर ओवर तक खिंचा, जहाँ अंततः दक्षिण अफ्रीका ने 4 रनों से बाजी मारी।

दक्षिण अफ्रीका की पारीरू टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 187 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक (59) और रयान रिकेल्टन (61) के बीच 114 रनों की शानदार साझेदारी हुई।

अफगानिस्तान का जवाबरू 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज ने 42 गेंदों पर 84 रनों (7 छक्के, 4 चौके) की तूफानी पारी खेली। अंतिम ओवरों के रोमांच के बाद अफगानिस्तान की टीम भी 187 रनों पर सिमट गई और मैच टाई हो गया।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद छह विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 19.4 ओवर में 187 रन पर आउट हो गई। फिर पहला सुपर ओवर भी टाई रहा।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगी एनगिडी ने सुपर ओवर किया जिसमें अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए। इसमें अजमतुल्लाह उमरजई का एक छक्का और दो चौके शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने फजलहक फारुकी के ओवर में एक विकेट पर 17 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर स्कोर बराबर किया। उमरजई दूसरा सुपर ओवर करने के लिए आए जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने पहली दो गेंद पर कोई रन नहीं दिया और मोहम्मद नबी को आउट किया। गुरबाज ने इसके बाद लगातार तीन छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर वह आउट हो गए। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के दो मैच में चार अंक हो गए हैं जबकि अफगानिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। उसे अगले चरण में जाने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अनुकूल रहने के लिए दुआ करनी होगी।




अफगानिस्तान इससे पहला लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में था लेकिन लगातार विकेट गंवाने के कारण उसे नुकसान हुआ। उसकी तरफ से गुरबाज ने 42 गेंद पर 84 रन बनाए जिसमें चार चौके और सात छक्के शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनगिडी ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले रयान रिकेल्टन ने 28 गेंद पर 61 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं।

क्विंटन डीकॉक ने 41 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। कप्तान एडन मारक्रम (05) के जल्दी आउट होने के बाद इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की। रिकेल्टन और डीकॉक के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 23, मिलर ने नाबाद 20 और मार्को यानसन ने 16 रन का योगदार दिया।

अफगानिस्तान की तरफ से उमरजई ने 41 रन देकर तीन और कप्तान राशिद खान ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान ने अच्छी शुरुआत की तथा गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इसके बाद हालांकि उसने दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। एनगिडी ने जादरान को बोल्ड करने के बाद गुलबदीन नैब को अपनी ही गेंद पर कैच किया।

कैगिसो रबाडा ने सदिकुल्लाह अटल को शून्य पर आउट किया जिससे अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 51 रन से तीन विकेट पर 52 रन हो गया। गुरबाज ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया तथा रबाडा और यानसन पर छक्के लगाए। उन्होंने जॉर्ज लिंडे का स्वागत भी छक्के से किया और फिर इसी गेंदबाज के अगले ओवर में दो छक्के जड़कर 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मारक्रम ने इसके बाद खुद गेंद संभाली लेकिन इससे कोई फायदा नहीं मिला क्योंकि गुरबाज ने उन पर भी छक्का और चौका लगाया।

महाराज ने 13वें ओवर में गुरबाज की पारी का अंत किया। उन्होंने ढीला शॉट खेला जिसे थर्ड मैन पर जॉर्ज लिंडे ने दौड़ लगाकर कैच में बदल दिया। दारविश रसूली (15) भी इसी ओवर में रन आउट हो गए। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। लिंडे ने नबी (05) को आउट करके अफगानिस्तान को एक और झटका दिया। अफगानिस्तान को जब 18 गेंद पर 30 रन की जरूरत थी तब एनगिडी ने उमरजई (17 गेंद पर 22 रन) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद जगाई।

अफगानिस्तान को कप्तान राशिद (12 गेंद पर 20 रन) पर भरोसा था लेकिन यानसन ने 19वें ओवर में उन्हें आउट कर दिया। नूर अहमद ने दो छक्कों की मदद से 15 रन बनाकर स्कोर बराबर करवाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मारक्रम का विकेट जल्दी गंवा दिया। फारुकी की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर हवा में उछल गई और नबी ने मिड–ऑफ पर आसान कैच लपका।

डीकॉक ने चौथे ओवर में मुजीब उर रहमान की गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया और फिर अगली ही गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट में चौका जड़ा। रिकेल्टन ने भी उमरजई पर दो चौके लगाए। दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले में एक विकेट पर 43 रन बनाए। इसके बाद डीकॉक और रिकेल्टन दोनों ने नबी और राशिद की स्पिन जोड़ी पर कुछ मनचाहे चौके और छक्के बटोरे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेलने वाले स्पिनर नूर अहमद ने अपने पहले ओवर में 23 रन लुटा दिए। जहां डीकॉक ने लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर अहमद का स्वागत किया, वहीं रिकेल्टन ने उनकी गेंद को मिडविकेट के ऊपर से स्वीप किया और कवर पर दो चौके लगाए।

इससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 98 रन पर पहुंच गया। डीकॉक ने मुजीब की गेंद पर मिडविकेट पर चौका लगाकर टी20 विश्व कप में अपना पांचवां अर्धशतक पूरा किया और फिर रिकेल्टन ने इसी गेंदबाज पर छक्का लगाकर केवल 23 गेंदों में अर्धशतक बनाया। राशिद ने हालांकि इन दोनों बल्लेबाजों को 13वें ओवर में तीन गेंद के अंदर पवेलियन भेज दिया। राशिद ने सबसे पहले डीकॉक को आउट किया, जिन्हें डीप मिडविकेट पर इब्राहिम जादरान ने कैच किया। इसके तुरंत बाद उन्होंने रिकेल्टन को पगबाधा आउट किया। ब्रेविस अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए जबकि ट्रिस्टन स्टब्स केवल एक रन ही बना सके। मिलर और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

# टी20 विश्व कप में गरजे साहिबजादा फरहान , बोले– टीम इंडिया के खिलाफ इस बार सोच अलग होगी

साहिबजादा फरहान की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। मंगलवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रनों से हराया। अब पाकिस्तान का अगला ग्रुप स्टेज मैच 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होगा। फरहान ने जोर देकर कहा कि उनकी टीम इस बार एक अलग सोच के साथ मैदान में उतरेगी।




मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फरहान का पूरा ध्यान ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ होने वाली अगली चुनौती पर केंद्रित रहा। आईसीसी के अनुसार, उन्होंने कहा कि जब आप दो मैच जीतते हैं और तालिका में शीर्ष पर होते हैं, तो आत्मविश्वास बढ़ता है। आगामी मैच कोई बड़ी बात नहीं हैय हम उनके खिलाफ पहली बार नहीं खेल रहे हैं। हम पहले भी खेल चुके हैं, और इस बार हम एक अलग सोच के साथ खेलेंगे।

फरहान की 41 गेंदों पर 73 रनों की पारी, जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल थे, ने पाकिस्तान के 190ध्9 के प्रतिस्पध्ीं स्कोर की नींव रखी, वहीं शादाब खान के ऑलराउंड प्रदर्शन ने अमेरिका के खिलाफ व्यापक जीत सुनिश्चित की। फरहान ने लक्ष्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पिच शानदार थी, लेकिन ऐसी पिच पर 190 रन बनाना भी बड़ी बात थी। जैसा कि आपने पिछले 5–6 महीनों में देखा है, हम आसानी से 190–200 रन बना रहे हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की है।

उन्होंने आगे कहा कि मैदान पर अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में टीम वर्क ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कहा कि पहले ओवर के बाद, मैंने साइम से कहा कि तुम्हें सर्कल का उपयोग करना होगा, ठीक वैसे ही जैसे मैंने किया। इसलिए, इस पिच के हिसाब से 190 रन बनाना बहुत अच्छा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए, पाकिस्तान ने आक्रामक शुरुआत की और सलामी बल्लेबाज साइम अयूब और फरहान ने पांचवें ओवर में स्कोर को 50 के पार पहुंचा दिया। अमेरिका ने शैडली वैन शाल्कविक के जरिए वापसी की, जिन्होंने अयूब और कप्तान सलमान आगा को आउट करके शुरुआती सफलताएं दिलाईं, जिससे पावरप्ले के अंत में पाकिस्तान का स्कोर 56ध्2 हो गया।

# टी20 विश्व कप में क्विंटन डी कॉक का धमाका, तोड़ा एबी डी विलियर्स का महारिकॉर्ड

बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप बी के मैच में दक्षिण अफ्रीका को शीर्ष क्रम के दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों क्विंटन डी कॉक और रयान रिकलेटन की तूफानी बल्लेबाजी से जोरदार शुरुआत मिली। डी कॉक ने शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाते हुए केवल 34 गेंदों में टी20 विश्व कप में अपना पांचवां शतक जड़ा और राशिद खान की टीम पर हमला बोला। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी विकेटकीपर, जिन्हें पिछले साल आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में नीता अंबानी की मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा था, ने मात्र 41 गेंदों में 3 छक्के और 5 चौकों की मदद से 59 रन बनाए और मैनचेस्टर यूनाइटेड के ही खिलाड़ी रिकलेटन के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी की।




रिकलेटन ने 28 गेंदों में 4 छक्के और 5 चौकों की मदद से 61 रन बनाए। अपने अर्धशतक के दौरान, डी कॉक ने दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज बल्लेबाज एबी डी विलियर्स को पीछे छोड़ दिया। डी कॉक के अब तक 2014 से टी20 विश्व कप में 29 मैचों में 737 रन हो चुके हैं और वे इस आईसीसी टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने डी विलियर्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 30 मैचों में 143.4 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए थे, जिनमें 5 अध्र्शतक भी शामिल थे। पूर्व ऑलराउंडर जीन–पॉल डुमिनी 25 मैचों में 568 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि डेविड मिलर और दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा कप्तान एडन मार्कराम क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए ग्रुप डी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान पर कड़ी टक्कर के बाद जीत हासिल की। घ्यह रोमांचक मैच दो सुपर ओवरों के बाद जीता गया। क्विंटन डी कॉक और रयान रिकलेटन के अर्धशतकों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 187 रन बनाए, जिसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज की 84 रनों की पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने भी दक्षिण अफ्रीका के स्कोर की बराबरी कर ली।

मैच सुपर ओवर में चला गया, जिसमें अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने भी उतने ही रन बनाकर एक और सुपर ओवर की नौबत ला दी। डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में 23 रन बनाए, लेकिन गुरबाज की लगातार तीन छक्कों के बावजूद अफगानिस्तान लक्ष्य से 3 रन पीछे रह गया। इससे पहले रयान रिकेल्टन और क्विंटन डीकॉक के अर्धशतकों और इन दोनों के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में बुधवार को यहां छह विकेट पर 187 रन बनाए। रिकेल्टन ने 28 गेंद पर 61 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। क्विंटन डीकॉक ने 41 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। कप्तान एडन मार्क्रम (05) के जल्दी आउट होने के बाद इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की।

# दूसरे सुपर ओवर में अफगानिस्तान की हार के बाद कप्तान राशिद खान का छलका दर्द

बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 13वें मैच में दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान को हरा दिया। मैच के बाद अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि लड़कों ने शानदार प्रदर्शन किया, खासकर बल्लेबाजी की शुरुआत। उन्हें 190 से कम रनों पर रोकना अद्भुत था। हारने वाली टीम का हिस्सा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने मैदान पर अपना सब कुछ झोंक दिया। यह विकेट अच्छा है, मैंने इस विकेट पर आईपीएल में काफी खेला है। टीम के साथ चर्चा यह थी कि "हां, उनकी शुरुआत अच्छी रही, लेकिन आखिरी 10 ओवरों में उन्हें रोकने की कोशिश करें।

दोनों टीमों के 187 रनों के स्कोर पर मैच टाई होने के बाद, अजमतुल्लाह उमरजई और रहमतुल्लाह गुरबाज अफगानिस्तान की ओर से बल्लेबाजी करने आए और लुंगी एनगिडी की गेंदबाजी के खिलाफ पहले सुपर ओवर में 17 रन बनाने में सफल रहे। सुपर ओवर में 17 रनों का बचाव करते हुए अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी गेंदबाजी करने आए। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और देवाल्ड ब्रेविस का विकेट लिया, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी गेंद पर छक्का समेत दो चौके लगाकर मैच को एक और सुपर ओवर में पहुंचा दिया।




आखिरी गेंद तक चले इस रोमांचक मुकाबले पर प्रतिक्रिया देते हुए खान ने कहा कि हमारे पास मौके थे। आखिरी सुपर ओवर में भी, एक गेंद पर 5 रन किसी भी तरफ जा सकते थे। हम और समझदारी से खेल सकते थे। एक डाइव, एक गेंद पर मैच खत्म हो सकता था। इस मैच को अगले दौर तक ले जाने के लिए पिछले डेढ़ साल से कड़ी मेहनत की है। बहुत निराशाजनक रहा। अपने देश का प्रतिनिध्ात्व करना हमेशा गर्व का क्षण होता है। मैं उन्हें यथासंभव अपडेट रखने की पूरी कोशिश करूंगा।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से स्टब्स और मिलर ने फिर बल्लेबाजी की और अफगानिस्तान ने उमरजई को गेंद सौंपी। स्टब्स ने छक्का लगाकर उनका स्वागत किया। मिलर ने दो और छक्के लगाकर ओवर के अंत तक 23 रन बनाए। 24 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए मोहम्मद नबी उमरजई के साथ बल्लेबाजी करने आए। सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने स्पिन गेंदबाजों को उतारा और केशव महाराज को गेंद सौंपी। उन्होंने एक डॉट बॉल से शुरुआत की और फिर नबी का विकेट लिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज बल्लेबाजी करने आए और लगातार तीन छक्के जड़े। आखिरी गेंद पर एक और छक्का चाहिए था, लेकिन गुरबाज ने पॉइंट पर कैच आउट हो गए और अफगानिस्तान यह कड़ा मुकाबला हार गया।

# एआई का जिम्मेदार उपयोग जरूरी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के संकाय भवन में साइबर क्लब के तत्वावधान में सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम स्मार्ट टेक, सुरक्षित निर्णय कृ एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग रही। कार्यक्रम में आध्ुनिक डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन जोखिमों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रयोग पर विशेष चर्चा की गई। वैलनेस सेंटर के समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि बौद्धिक क्षमताओं के विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का असंतुलित उपयोग खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर इंटरनेट ने जीवन के अनेक आयामों को सहज और सुविधाजनक बनाया है, वहीं एआई ने कई नई चुनौतियों और समस्याओं को भी जन्म दिया है। मुख्य वक्ता इंजीनियरिंग संस्थान के डॉ. द्विवेंदु मिश्र ने सेफर इंटरनेट डे की थीम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इंटरनेट पर लगभग 90 प्रतिशत सुरक्षा हमारी "गुड प्रैक्टिसेज" पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो हम बहुत–सा डेटा साइबर स्पेस में छोड़ते हैं, ऐसे में सुरक्षा के उपायों से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आम व्यक्ति का डिजिटल व्यवहार निरंतर साइबर स्पेस में विश्लेषित किया जा रहा है और उसी आधार पर उसे लक्षित किया जाता है। विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे.।

# एपस्टीन फाइल्स का सबसे बड़ा पर्दाफाश! रो खन्ना ने खोले 6 नए नाम, **Justice Department** पर लगाए गंभीर आरोप

जेफ्री एपस्टीन का मामला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस कहानी में एक नया मोड़ आया है, जहाँ दो अमेरिकी सांसदों डेमोक्रेट रो खन्ना और रिपब्लिकन थॉमस मैसी ने जासूसी फिल्मों के अंदाज में सीधे न्याय विभाग में घुसकर वो राज निकाल लिए हैं जिन्हें दबाने की कोशिश की जा रही थी। रो खन्ना ने आरोप लगाया है कि कई ष्ताकतवर और अमीरष लोगों को बचाने के लिए फाइलों के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसलिए रो खन्ना और थॉमस मैसी ने संसद में इस मुद्दे को उठाया और उससे पहले दोनों ने खुद जस्टिस डिपार्टमेंट जाकर इस मुद्दे पर जांचपड़ताल की ताकि सबूत सबके सामने आ सकें। वो 6 नाम, जिन्हें छुपाने की कोशिश हुई– रो खन्ना और थॉमस मैसी को जब लगा कि सार्वजनिक की गई फाइलों में बहुत कुछ अधूरा है, तो वे खुद जस्टिस डिपार्टमेंट पहुँच गए। दो घंटे तक बिना कांट–छाँट वाली फाइलों को खंगालने के बाद उन्होंने उन 6 रसूखदार पुरुषों के नाम उजागर किए, जिन्हें अब तक पर्दे के पीछे रखा गया था। ये नाम हैं लेस्ली वेक्सनर (अरबपति बिजनेसमैन)– सुल्तान अहमद बिन सुलेयम निकोला कापुतो लिओनिक लिओनोव जुराब मिकेलाद्जे साल्वातोर नुआरा

रो खन्ना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर सवाल उठाया, अगर हम खुद वहाँ न जाते, तो क्या इन लोगों के नाम कभी सामने आते?ष रो खन्ना ने इस मुद्दे पर ट्रम्प प्रशासन को घेरा और इन गुप्त फाइलों की सफाई और ट्रंप प्रशासन पर हमला बोला। रो खन्ना का गुस्सा सिर्फ नामों तक सीमित नहीं था, उन्होंने सीधे तौर पर सिस्टम पर सवाल उठाए। खन्ना के मुताबिक, 30 लाख पन्नों की फाइलों में से 70–80ः हिस्सा अब भी काला कर दिया गया है ताकि कुछ पढ़ा न जा सके। यानी की 80ः डेटा गायब गायब कर दिया गया है ताकि कोई उसे एक्सेस नहीं कर पाए। साथ ही उन्होंने FBI पर भी आरोप लगाए और दावा किया कि डोनाल्ड ट्रंप की **FBI** ने मार्च में ही इन फाइलों को साफ कर दिया था, यानी कानून पास होने से पहले ही जरूरी जानकारियां हटा दी गई थीं। खन्ना ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट के तहत कथित साजिशकर्ताओं के नाम छुपाने की अनुमति नहीं है, फिर भी विभाग ऐसा कर रहा है जो की स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है। 30 लाख पन्ने और हजारों वीडियो– जनवरी में जारी की गई इन फाइलों का अंबार छोटा–मोटा नहीं है। इसमें शामिल हैं 30 लाख से ज्यादा पन्ने, 2,000 से अधिक वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें। रो खन्ना का कहना है कि जब सिर्फ 6 नामों को बाहर लाने के लिए सांसदों को खुद दफ्तर जाना पड़ा, तो सोचिए उन लाखों पन्नों में और कितने रसूखदारों के काले कारनामे दफन होंगे। एपस्टीन की मौत के सालों बाद भी उसका नेटवर्क पूरी दुनिया के पावरफुल लोगों की नींद उड़ाए हुए है। रो खन्ना और मैसी की इस रेड ने साफ कर दिया है कि मामला जितना दिखता है, उससे कहीं ज्यादा गहरा है।

# मसकनवां– गौराचौकी बाईपास सड़क निर्माण कार्य मानकविहीन की व्यापारियों ने की शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश



**गोन्डा।** गोन्डा जनपद के मसकनवां –मनकापुर रोड से संगम मैरेज हाल होते हुए गौराचौकी मार्ग को जोडने वाला एक मात्र बाईपास सड़क मार्ग के मरम्मत निमार्ण कार्य मे भारी अनियमितता व मामूली गिट्टी डालकर किये जा रहे लेपन को लेकर कस्बे के जिम्मेदार व्यापारियो ने विरोध करते हुए क्षेत्रीय सांसद के प्रतिनिधि से शिकायत कर मानक अनुरूप कार्य कराये जाने की मांग की है।चर्चा के मुताबिक मसकनवां कस्बे के मनकापुर रोड से गौराचौकी रोड को जोडने वाला एक मात्र बाईपास सड़क काफी जर्जर था। जिसको लेकर कस्बे के व्यापारियों ने कई बार क्षेत्रीय सांसद से उक्त बाईपास सड़क मार्ग को ठीक कराने की मांग कर चुके थे। उसके उपरांत लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड गोण्डा द्वारा मनकापुर रोड से संगम मैरिज हाल–पशुपालन हास्पिटल होते गौराचौकी मार्ग के जोड़ने वाले बाईपास पर 750 मीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विभाग की मानें तो उक्त कार्य मरम्मत कार्य है। मात्र एक ट्रक गिट्टी गिरा जैसे तैसे किसी तरह गड्ढे को भरकर लेपन कार्य शुरू किया गया है। लेपन कार्य इस तरह हो रहा है की मामूली दबाव मे गिट्टी उखड़ जा रही है। जबकि उक्त बाईपास पर सैकड़ों की संख्या मे छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं जिससे सड़क पर काफी दबाव रहता है। इस संबंध मे कस्बे के व्यापारी विनय कुमार गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, सन्तोष गुप्ता,रवि गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष विनोद कुमार मोदनवाल सहित कस्बे के सैकड़ों व्यापारियों ने गोण्डा सांसद केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि कमलेश पांडेय से लिखित शिकायत कर मानक विहीन किये जा रहे सड़क निर्माण को तत्काल प्रभाव से कार्य रोकते हुए कार्रवाई कराये जाने की मांग की है। प्रिंस मल्ल असिस्टेंट इन्जीनियर लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड गोण्डा से मानक विहीन बाईपास मार्ग निर्माण कार्य के सम्बन्ध मे जानकारी करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उक्त निर्माण कार्य मरम्मत कार्य है। 750 मीटर सड़क निर्माण के लिए साढ़े आठ लाख रूपए की स्वीकृत है। मात्र दो सेंटीमीटर लेपन कार्य किया जाना एवं सड़क पर बने गड्ढे को भरा जाना है। शिकायत मिली है, निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जायेगा,अगर मानक के अनुरूप कार्य नही हो रहा है सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# भर्ती मरीजों से रेफर और छुट्टी के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बलरामपुर।** एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, वहीं जिला मेमोरियल चिकित्सालय में तैनात कुछ स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। भर्ती मरीज अनिल कुमार ने बताया कि अस्पताल में रेफर बनाने के नाम पर उनसे 100. 200 रुपए की अवैध वसूली की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि बिना पैसा दिए उनका रेफर रोकने का प्रयास भी किया गया। अनिल कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि कई मरीजों की छुट्टी बनाकर उन्हें अस्पताल की दवाइयों के बजाय बाहर की महंगी दवाइयाँ लिखी जा रही हैं, जिससे गरीब मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज व दवा के दावे केवल दिखावा बनकर रह गए हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से दोषी कर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि स्वास्थ्य विभाग इन गंभीर आरोपों पर क्या कदम उठाता है।



# चोरी के मुकदमें का वांछित अभियुक्त चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बहराइच।** थानाध्यक्ष संजीव चौहान के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दु चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 44/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना फखरपुर जनपद बहराइच से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त को मय बरामद माल 01 अदद बैटरी व चोरी करने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से 01 बैट्री (ट्रैक्टर की) व चोरी में प्रयुक्त 02 रिंच, 01 प्लास, 01 चाकू, 01 छेनी बरामद किया गया।




# गोन्डा जनपद में अवैध मिट्टी खनन बेलगाम, जिम्मेदारो ने बन्द की आंखें, बेधड़क निकल रहीं ट्रैक्टर–ट्रॉलियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद में जिम्मेदार अधिकारियों ने नजरें क्या बन्द की खननकर्ता तो मनबढ़ हो गये।हालात यह हैं कि पुलिस चौकी और थानों के सामने से ही मिट्टी लदी ट्रैक्टर–ट्रॉलियां दिन–रात सड़कों पर फर्राटा भर रही हैं,लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही।सूत्रों के अनुसार,अवैध खनन का यह कारोबार पुलिस और खनन विभाग के कुछ जिम्मेदारों की कथित मिलीभगत से संचालित हो रहा है।चर्चा है कि थानों और चौकियों से "लाइन" सेट कर खनन माफिया रात के अंधेरे में जेसीबी मशीनों से खुलेआम मिट्टी की खुदाई कर रहे हैं।जेसीबी और ट्रैक्टर–ट्रॉलियों की आवाज से ग्रामीण इलाकों में लोगों का कहना है की दहशत का माहौल बना हुआ है।नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सद्भावना पुलिस चौकी के सामने से रात में मिट्टी लदे वाहन गुजरते हुए देखे जा सकते हैं। वहीं,कोतवाली देहात क्षेत्र के खोरहंसा चौकी से लगभग 500 मीटर की दूरी पर तकिया गांव के पास रात के समय बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है तो सालपुर क्षेत्र में भी रात होते ही खनन शुरू हो जाता है।कर्नलगंज कोतवाली के भंभुआ चौकी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर खनन जारी है।वर्तमान में भंभुआ गांव के पास जेसीबी से खुदाई किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते खनन माफिया बेखौफ होकर काम कर रहे हैं। इसी तरह नगर कोतवाली क्षेत्र के तिवारी बाजार चौकी से करीब 300 मीटर दूर, केला गोदाम के पास रात के अंधेरे में जेसीबी से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इस अवैध गतिविधि से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन–रात हो रहे अवैध खनन से खेतों, खाली जमीनों और जल स्रोतों को नुकसान पहुंच रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध खनन के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा हुआ है।शासन–प्रशासन इस मामले में कब तक सख्ती दिखाता है और अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जाती है।




# आवागमन को लेकर प्रशासन ने किया स्थिति स्पष्ट

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। बहराइच से लखनऊ जाने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित संजय सेतु (घाघरा घाट) को लेकर इन दिनों बंद किए जाने की अफवाहें फैल रही हैं। हालांकि प्रशासन ने इन खबरों का खंडन करते हुए स्थिति स्पष्ट कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, जब तक वैकल्पिक पीपी (पोंटून) पुल पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता, तब तक संजय सेतु को बंद नहीं किया जाएगा। वर्तमान में पोंटून पुल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने बताया कि प्रस्तावित पोंटून पुल पर दोपहिया और चारपहिया हल्के वाहन चल सकेंगे, जबकि बस और भारी वाहन (ट्रक आदि) को इस पुल पर चलने की अनुमति नहीं होगी। संजय सेतु के मरम्मत कार्य को 15 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद पोंटून पुल को हटा दिया जाएगा और सेतु पर सामान्य आवागमन पुनः शुरू कर दिया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।



# समर्पण दिवस के रूप में मना पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि पंडित जी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। डॉक्टर तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि (11 फरवरी) को भारतीय जनता पार्टी और अन्य संगठनों द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन राष्ट्र सेवा के लिए उनके समर्पण को याद करने और उनके विचारों को आत्मसात करने का अवसर है। आज आत्मनिर्भर भारत अभियान गांवों के गरीबों, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग के भविष्य के निर्माण का माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्था पर जोर देना दीन दयाल उपाध्याय के .ष्टिकोण की व्यावहारिकता और व्यापकता का प्रमाण है। यहीं वजह है कि प्रधानमंत्री जी ने खुद कहा, "'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र के साथ देश उनके .ष्टिकोण को साकार कर रहा है।" कोविड–19 महामारी के बीच भारत ने आत्मनिर्भरता का परिचय देते हुए विश्व को टीके मुहैया कराए। आत्मनिर्भरता की शक्ति से देश ने श्समग्र मानवतावादश के दर्शन को भी सिद्ध किया है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने भी पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने पंडित जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभासद विनोद सोनी, अखिलेश कश्यप, राहुल, सत्यम, संजय,रवि, राजू, रोहित, विशाल आदि मौजूद रहे।



# सिंचाई बन्धु की कल्पीपारा फील्ड हास्टल में बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बहराइच।** उपाध्यक्ष सिचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बड़ईया कला मझरा पुरवा से रतहिया नाले को तरपुहिया काजवे तक की सिल्ट सफाई एवं 700 मीटर नाले को जोड़ने हेतु सरयू नहर खण्ड–प्रथम, नानपारा एवं सरयू ड्रेनेज खण्ड–प्रथम, बहराइच को संयुक्त निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। विकास खण्ड फखरपुर एवं तेजवापुर के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के ग्राम प्रधानों के संयुक्त प्रार्थना–पत्र जो जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, बहराइच के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जिसमें खैरा बाजार मैला ताल से प्रारम्भ होकर ग्राम पंचायत बुबकापुर तक नाले की सफाई करायी जाने का अनुरोध किया गया है। उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राप्त प्रार्थना–पत्र पर सरयू ड्रेनेज खण्ड–प्रथम, बहराइच को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने निर्देश दिया कि रबी 1433 फसली में समस्त नहरों का संचालन कर टेल फीड कराते हुये किया जाय ताकि कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# हत्या करने वाला अभियुक्त गिफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना पन्नूगंज क्षेत्रान्तर्गत रामगढ़ बाजार में अज्ञात व्यक्ति द्वारा हमला कर मानसिक से विक्षिप्त व्यक्ति मंगरू पुत्र अज्ञात, उम्र लगभग 35 वर्ष, की हत्या की गई थी, जो कस्बा रामगढ़ में भीख मांगकर जीवनयापन करता था तथा प्रायः सड़क किनारे सो जाता था। उक्त घटना के संबंध में ग्राम चौकीदार रामबली पुत्र गुलाब, निवासी ग्राम रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा दाखिल तहरीर के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0. 21/2026 धारा 103(1) बीएनएस का अभियोग पंजी.त किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा लगातर चेकिंग व अन्य कार्यवाही की जा रही थी कि 10.02.2026 को मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर करवनिया नहर मझिगाईं पुलिया के पास से अभियुक्त विकाश कुमार उर्फ विक्की पुत्र सरवन चेरो निवासी ग्राम केवाल थाना कोन जनपद सोनभद्र, हालपता पचोखर थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष, को गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्त की निशानदेही पर से जैकेट, पैन्ट व जूता तथा शीशा (जिससे मृतक की हत्या की गई थी) को एक झोले से बरामद किया गया। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि वह पूर्व में 1.2 बार चोरी की घटनाएँ कर चुका है, किन्तु पकड़ा नहीं गया था तथा चोरी कर अपने जेब खर्च का प्रबंध करता था।

वह अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ अपने ससुराल ग्राम रइया गोसाई (पन्नूगंज बाजार के समीप) थाना–पन्नूगंज जनपद सोनभद्र में रहता है, अभियुक्त ने बताया कि 27.01.2026 को वह दिन में रामगढ़ बाजार आया था, जहाँ उसने शहजादा स्कूल, रामगढ़ के पास स्थित दुकान के समीप मृतक मंगरू को भीख में प्राप्त धनराशि गिनकर अपनी जेब में रखते देखा। उसी समय उसके मन में चोरी करने का विचार आया। 27/28.01.2026 की रात्रि में अभियुक्त चोरी करने के उद्देश्य से रामगढ़ बाजार गया। शहजादा स्कूल के पास पहुँचने पर उसने देखा कि मंगरू कम्बल ओढ़कर सोया हुआ है। अभियुक्त ने उसकी जेब से पैसे निकालने का प्रयास किया, तभी मंगरू जाग गया और अभियुक्त का हाथ पकड़ लिया तथा विरोध करने लगा। उसी समय किसी वाहन के आने का आभास होने पर मुझको पकड़े जाने का भय हुआ। इस पर मैंने अपनी पहनी हुई पैंट से एक शीशा काँच का टुकड़ा निकालकर मंगरू के गले पर वार कर दिया, जिससे उसके गले से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। अभियुक्त ने शीशे पर लगा खून मृतक के जैकेट में पोंछ दिया और वहाँ से भाग गया।



# टीईटी की इस लड़ाई को सड़को से सदन और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ने को है तैयारः विजय उपाध्याय

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। बुधवार को शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों ने कलक्ट्रेट में उपस्थित होकर जयंत चौधरी का पुतला फूका तथा जयंत चौधरी द्वारा सदन में दिए गए बयान की निंदा की। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नौकरी तत्कालीन नियमों एवं अहर्ताओं के आधार पर आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व हुई और ऐसी स्थिति में शिक्षकों को सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति हेतु टेट की अनिवार्यता किया जाना पूर्णतया नियम विरुद्ध है। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश पर केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु संपूर्ण भारतवर्ष के 20 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षकों ने नो–टेट– –बिफोर आर0टी0ई–एक्ट का नारा लगाया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयंत चौधरी शिक्षकों के साथ वार्ता में जो बयान देते हैं।

संसद में उसके विपरीत बयान दे रहे हैं। देश के 20 लाख शिक्षक जो निर्धारित योग्यता हासिल करके शिक्षक बने हैं उन्हें सेवा में आने के 20–25 वर्ष बाद वर्तमान की योग्यता हासिल करने को बाध्य करना कितना न्यायोचित है? उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के बयान की जितनी निंदा की जाये वो कम है। प्रभारी जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने कहा कि आज 20 वर्ष पहले पुलिस, सेना या अर्धसैनिक बलों में 10 किमी की रेस लगाकर भर्ती अधिकारी या सैनिक को यदि आज दौड़ा दिया जाए तो विभाग ख़ाली हो जाएगा। देश में कितने माननीय न्यायाधीश हैं जो आज क्लैट में बैठने को तैयार हैं?50–55 वर्ष के शिक्षकों को आज परीक्षा में बैठने को मजबूर किया जा रहा है। जिला कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि देश के नागरिक अपने सांसद इसलिए चुनते हैं कि संसद में उनके हितों की रक्षा करेंगे। देश की संसद में सभी राज्यों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदो ने गत संसद सत्र में इस विषय को उठाया था। लेकिन उसके बाद भी जयंत चौधरी का सदन में यह उत्तर देना यह सिद्ध करता है कि उनको किसी के हितों से कोई मतलब नहीं है। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष आसिफ अली, महसी अध्यक्ष धर्मेंद्र अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुर मोहम्मद जुबैर,मंत्री .ष्ण कुमार वर्मा, विशेश्वरगंज मंत्री अमित कुमार मिश्र, जरवल मंत्री विनय सिंह,कोषाध्यक्ष सरोज सोनकर चित्तौरा अध्यक्ष बृजेश सलिल,मंत्री शशांक सिन्हा,तहसील प्रभारी राज कुमार पांडे, उपाध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्रा,नफीस अहमद, सुनील सिंह,संघर्ष समिति अध्यक्ष उत्कर्ष तिवारी,रामतेज यादव विजय प्रताप, वैशाली, गायत्री तिवारी, मिथलेश कुमारी सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।



# एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों ने महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के एसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद के राजपत्रित अधिकारियों एवं एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया।कार्यक्रम के दौरान टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके आवागमन के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर चर्चा की गई।इस अवसर पर महिलाओं /बालिकाओं से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए,जिनके माध्यम से संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए मनचलों को एण्टी रोमियो स्क्वायड टीम द्वारा रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई, जिससे भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो।टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तत्पर है। इसके साथ ही शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु किया जा सकता है।



# छात्र जोड़ो अभियान में पूर्वांचल दिखाएगा अपना दमखम : ऋषभ



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन पूर्वी जोन के अध्यक्ष ऋषभ पांडेय एवं पूर्वी जोन के उपाध्यक्ष संदीप पाल का आगमन बुधवार को जनपद में हुआ जहां हिंदूवारी पर उनका स्वागत करते हुए चंडी होटल स्वागत करते हुए राबट्र्सगंज छात्र उनको ले आए। राबट्र्सगंज स्थित पीडब्ल्यूडी बंगले में ' छात्र जोड़ो अभियान ' के तहत चल रहे कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा लगातार छात्रों को कुचलने का काम किया जा रहा है जहां एक और छात्र संघ के चुनाव बंद कराए गए वही स्कूल कॉलेज के फीस बृद्ध से लेकर छात्रों के एडमिशन तक में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी जोन ऋषभ पांडेय ने कहा कि आज आए हुए बजट में जहां पर कॉलेज को विश्वविद्यालय बनने पर को लेकर और बनारस में यू0पी0 कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने को लेकर बात कही गई वहीं अगर देखा जाए तो केवल बातों में ही सरकार जनता के साथ अब छात्रों को भूल जाने का काम कर रही है छात्र अपने एडमिशन से लेकर फीस जमा करने में ही उलझ रहा है उसका भविष्य सुरक्षित नहीं दिख रहा ।वही प्रभारी सोनभद्र संदीप पाल ने कहा कि सोनभद्र के अंदर होने वाली समस्याओं को भी हम प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मिलकर ऊपर उठाने का काम करेंगे छात्रों के हित की हर लड़ाई हम लड़ेंगे चाहे वह मेडिकल कॉलेज हो, इंजीनियरिंग कॉलेज की ,डिग्री कॉलेज में छात्रों का शोषण होता हैं तो उसकी हर आवाज उठाने का हम काम करेंगे। प्रदेश कार्यकारी सदस्य गौतम आनंद ने कहा कि छात्र देश के भविष्य हैं और ये सरकार भविष्य को ही खत्म करना चाहती है उनकी जो सोच है वह दर्शाता है कि छात्रों का भविष्य कितना उज्जवल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि सोनभद्र के अंदर दुद्धी डिग्री कॉलेज और ओबरा डिग्री कॉलेज में छात्र संघ के चुनाव हुआ करते थे उनको बंद करके इस सरकार ने सोनभद्र में भी छात्रों की राजनीति को खत्म करने का काम किया है वहीं स्कूलों में एडमिशन ,स्कूलों की फीस वृद्धि यह सब सारी चीज इस जनपद में भी है जिसकी लड़ाई हम सब मिलकर लड़ेंगे ।कार्यक्रम में उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे आशु ने कहा कि जहां एक और स्कूल की फीस हर साल बढ़ रही है वही कॉपी किताब के दाम भी बढ़ते जा रहे हैं जहां एक ओर अभिभावक बच्चों के एडमिशन को लेकर परेशान है वहीं दूसरी तरफ उच्च शिक्षा की बड़े फिश को लेकर वह चिंतित है अगर देखा जाए तो शिक्षा के बाद भी छात्रों का जीवन सुरक्षित नहीं है क्योंकि हर साल बेरोजगारों की संख्या में इजाफा भारी मात्रा में हो रहा है और इस पर बोलने के लिए कोई भी जनप्रतिनिधि तैयार नहीं है अभिभावक का जीवन केवल छात्रों की फीस, कॉपी, किताब और भविष्य संवारने में लग रहा है पिछले10 सालों में कितना विकाश हुआ है ये किसी छुपा नहीं है ।मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में मनोज मिश्रा, शसूरज वर्मा ,राहुल जैन,, श्रीकांत मिश्रा, दयाराम प्रजापति, छै..न्.ृ के जिला उपाध्यक्ष सौम्य सोनकर, महासचिव अफजल खान, मिथिलेश पासवान, संदीप जैन, शहजाद खान, राहुल, दीपक, निगम बियार, सचिन मद्धेशिया, सुजीत गुप्ता, संदीप गुप्ता, कुलदीप मद्धेशिया , रवि पटेल, रवि गुप्ता, प्रियांशु मद्धेशिया, उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा, साइबर सतर्कता एवं आत्मरक्षा को लेकर जनपद भर में सघन जनजागरूकता



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को और अधिक सु.ढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में व्यापक एवं प्रभावी जन–जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा, सतर्कता एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी सहायक नोडल अधिकारी.मिशन शक्ति 5.0 के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र–छात्राओं को महिला उत्पीड़न से बचाव, गुड टच–बैड टच की पहचान, आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों, साइबर अपराध के नवीन तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में सरल, प्रभावी एवं संवादात्मक तरीके से जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से यह बताया गया कि साइबर अपराधी अक्सर डर, लालच एवं झूठे प्रलोभनों के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। अतः किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, संदेश अथवा ओटीपी को साझा न करने तथा किसी भी शंका की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह आश्वस्त किया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा साइबर अपराध की सूचना प्राप्त होने पर सोनभद्र पुलिस द्वारा त्वरित, निष्पक्ष एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भाजपा कार्यालय पर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गयी पंडित दीनदयाल दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राष्ट्रचिन्तक एवं एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित किया इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि पूर्व संगठन मंत्री व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नागेश्वर देव पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल मौजूद रहे व कार्यकर्ताओं ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजली दी और जनपद सोनभद्र के सभी बूथों पर पं0दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समर्पण दिवस के रुप में मनाया। इस मौके पर मुख्यअतिथि नागेश्वर देव पाण्डेय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख राजनीतिक चिंतक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे। वे अपने दार्शनिक सिद्धांत एकात्म मानव दर्शन के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। उनकी विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्:तिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्र.ति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया। उनके अनुसार, आर्थिक नीतियों का लक्ष्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए। वे 1968 में अपने असामयिक निधन तक भारतीय जनसंघ का नेतृत्व करते रहे। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है दीनदयाल जी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रुबी प्रसाद ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी को निस्वार्थ कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से दिया गया अंत्योदय का मंत्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना आज भी विकसित भारत के निर्माण की बुनियाद है। राष्ट्र सेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन भारत राष्ट्र को दिशा देने वाला प्रकाश स्तंभ है। वे एक ऐसे ऋषि राजनेता थे जो समाज, संस्:ति और राष्ट्र के समग्र उत्थान के लिए समर्पित रहे। उन्होंने राजनीति को राष्ट्रधर्म की साधना का माध्यम माना। उनका स्पष्ट मत था कि स्वतंत्र भारत की यात्रा भारतीय दर्शन, संस्:ति और परंपरा के अनुरूप होनी चाहिए। पंडित दीनदयाल जी ने राजनीतिक चिंतन को भारतीय मूल्यों से जोड़ते हुए एकात्म मानव दर्शन का सूत्र दिया। इसमें व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि के बीच समन्वय और संतुलन समाहित है, यह जीवन और संपूर्ण सृष्टि को एक सूत्र में पिरोता है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, उदयनाथ मौर्या, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, .ष्णमुरारी गुप्ता, सरजू बैसवार, नागेश्वर गोंड, सत्येन्द्र आर्य, रजनीश रघुवंशी, बलराम सोनी, अमरेश चेरो, महेश्वर चन्द्रवंशी, बृजेश श्रीवास्तव, प्रसन्न पटेल सहित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम पुलिस ने धनराषि पीड़ितों के खातों में कराए वापस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नवीन कुमार पुत्र गोविन्द सिंह, निवासी वार्ड नं0 22, निराला नगर, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र एवं . बबीता सिंह पत्नी विपिन सिंह, निवासिनी सेक्टर नं0 03, कस्बा, ओबरा थाना ओबरा, के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि आहरित कर ली गई थी। उक्त प्रकरण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के निर्देशन/पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना के नेतृत्व में साइबर टीम द्वारा छब्त्च् पोर्टल का अवलोकन करते हुए संबंधित बैंक खातों में धनराशि को होल्ड कराया गया। तत्पश्चात संबंधित बैंक शाखाओं से समन्वय स्थापित कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कुल ध्36,984.86/– छत्तीस हजार नौ सौ चौरासी रुपये छियासी पैसे की धनराशि पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

# अनपरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 02 अभियुक्त व 03 बाल अपचारी गिरफ्तार, चोरी की लोहे की सीटें बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरतारी हेतू चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा पर पूर्व में पंजी.त मु0अ0सं0 29/2026 धारा 305 (ए), 317(2) बीएनएस से संबंधित प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना अनपरा पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं में संलिप्त कबाड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियुक्तगण कबाड़ के आड़ में क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे तथा चोरी किए गए लोहे के सामान को इकट्ठा कर बेचने की तैयारी में थे। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों एवं 03 बाल अपचारियों को गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# एसआईआर को लेकर सपा की समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की विधानसभा रॉबर्ट्सगंज के नगर पालिका में एस आई आर को लेकर समीक्षा बैठक बुधवार को की गई और एक–एक बूथ की समीक्षा ली गई। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के एक–एक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि घर–घर जाकर मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम है कि नहीं सत्यापन कर ले और जिनका नाम छूटा है उन मतदाताओं का नाम बढ़ाने का काम करें। श्री यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम लोगों की जिम्मेदारी है कि घर–घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताने का काम करें और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजई बनाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लें। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी गौड और राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि भाजपा के साजिश को सकार न होने दे और उनके द्वारा जो फार्म–7 भरा जा रहा है उसकी गहन जांच करके मतदाताओं का नाम कटने से बचाया जाए । जिससे 2027 में समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनने से कोई न रोक सके । बैठक में मुख्य रूप से सरदार पारब्रह्म सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडे राम भरोसे सिंह पटेल अनिल प्रधान हिदायत उल्ला खान डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल त्रिपुरारी गौड़ प्रमोद विमलेश पटेल राजेश पटेल कामरान खान इरफान खान सत्यम पांडे विवेक पटेल अशोक पटेल सुशील राय मनोज पटेल अफरोज खान विनीत सरोज दीनानाथ अग्रवाल सौर्य त्रिपाठी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# यूजीसी बिल लागू करने के लिए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वकीलों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वकीलों द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट पर यूजीसी बिल कानून के समर्थन में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा गया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि उच्च शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर जिलाधिकारी सोनभद्र कार्यालय परिसर में डीबीए कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई और राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा गया। उन्होंने यूजीसी बिल कानून को उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि लंबे समय से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर नहीं मिल पा रहा है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एड ने आरोप लगाया कि कुछ संगठन यूजीसी बिल को लेकर भ्रम फैलाकर छात्रों को गुमराह कर रहे हैं, जिससे सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने जोर दिया कि यह कानून शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने, अवसरों की समानता सुनिश्चित करने और छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने में सहायक होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने प्रशासन से मांग की कि यूजीसी बिल कानून को बिना किसी देरी के प्रभावी किया जाए। साथ ही, यदि किसी स्तर पर विरोध या अड़चन उत्पन्न हो रही है, तो सरकार छात्रों के हित में स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी करे। प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में पवन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार मौर्य, हीरालाल पटेल, सत्यप्रकाश कुशवाहा, राजेश यादव, राजेश कुमार मौर्य, महेंद्र कुशवाहा, कमलेश सिंह, चतुर्भुज शर्मा,कामता यादव, सुरेश कुशवाहा, रामगुल्ली यादव,राजेंद्र यादव,रविंद्र पटेल संतोष कुमार,संतोष पटेल, शाहनवाज़ आलम खान, प्रदीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# पशु क्रूरता के प्रकरण में 01 अभियुक्त गिरतार कर, 04 राशि गोवंश व 01 मोटरसाइकिल बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा गोवध एवं पशुओं के प्रति क्रूरता के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 10.02.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना बभनी पुलिस टीम चकबगदरी सानी तिराहे के पास पहुंची, जहाँ जंगल की ओर से एक पैदल तथा दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से 02 बैल, 01 गाय एवं 01 बछिया को मारते–पीटते एवं दौड़ाते हुए ले जाते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत देने पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की ओर भाग गए, जबकि एक व्यक्ति बाबूलाल अगरिया पुत्र केश्वर अगरिया, उम्र लगभग 51 वर्ष, निवासी ग्राम चकबगदरी सानी, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र को समय करीब 15.18 बजे मौके से गिरतार कर लिया गया। उक्त बरामदगी/गिरतारी क आधार पर थाना बभनी पर मु0अ0सं0–23/2026 धारा 3/5।/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजी.त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। फरार अभियुक्तों की गिरतारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# दुष्कर्म के दोषी मुमताज अंसारी को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व 16 वर्ष की नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मुमताज अंसारी को 20 बर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 80 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 65 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने शाहगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 24 अप्रैल 2019 को प्रातः 4 बजे उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को मुमताज अंसारी पुत्र अजमुद्दीन अंसारी निवासी रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र जो शाहगंज में किराए के मकान में रहकर गाड़ी चलाने का कार्य करता है ने बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने की नियत से भगा ले गया। इस तहरीर पर शाहगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म, अपहरण व पॉक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी मुमताज (38) वर्ष को बीस वर्ष का कठोर कारावास एवं 80 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 65 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# भावुक पलों में सजा विदाई समारोह, दुर्गावती इंटरमीडिएट कॉलेज में झलकी अपनापन की मिसाल

श्याम नगर भैंसा। महराजगंज, थाना भिटौली अंतर्गत दुर्गावती इंटरमीडिएट कॉलेज, श्याम नगर भैंसा में 11ध्2ध्026को कक्षा 12 व 10 वीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावनाओं, उल्लास और शुभकामनाओं से सराबोर रहा। विद्यालय परिसर रंग–बिरंगी सजावट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में गीत, नृत्य एवं हास्य नाटिका प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक और यादगार बना दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक:- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित । आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# कोंकणा सेन शर्मा की साइकोलोजिकल थ्रिलर फिल्म एक्यूज्ड की रिलीज तारीख जारी, 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक



ओटीटी पर एक से बढ़कर एक सीरीज उपलब्ध हैं, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। क्राइम–थ्रिलर से लेकर कॉमेडी तक, ओटीटी पर हर तरह का कंटेंट मौजूद है। अब जल्दी ही डिजिटल दुनिया में एक और शानदार सीरीज जल्दी ही दस्तक देने वाली है, जिसकी चर्चा जोरों पर है। हम बात कर रहे हैं कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर अक्यूज्ड की, जो एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कोंकणा हिंदी सिनेमा की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में से हैं और एक से बढ़कर एक फिल्मों और सीरीज में नजर आ चुकी हैं। अब कोंकणा साइकोलॉजिकल थ्रिलर अक्यूज्ड में नजर आएंगी। हाल ही में अक्यूज्ड का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें कोंकणा सेन शर्मा एकदम अलग ही अंदाज नजर आईं। पोस्टर के जारी होते ही दर्शकों के दिलों की धड़कनें भी बढ़ गईं। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट भी जारी कर दी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा– मीरा अपनी सपनों भरी जिंदगी जी रही है। क्या एक राज उसकी जिंदगी को बुरे सपने में बदल देगा? कोंकणा सेनशर्मा और प्रतिभा रान्टा अभिनीत फिल्म एक्यूज्ड 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। बता दें, ये नया साइकोलॉजिकल थ्रिलर 27 फरवरी 2027 को नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर अक्यूज्ड का फर्स्ट लुक पोस्टर और टीजर जारी किया था, जिसके साथ रिलीज डेट का भी ऐलान किया, जिसमें प्रतिभा रांटा और कोंकणा सेन शर्मा की झलक देखने को मिली थी। ये टीजर देखते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और कई ने तो पोस्ट पर कमेंट करते हुए इसे लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करना भी शुरू कर दिया। कोंकणा सेन शर्मा पिछले दिनों मेट्रो... इन दिनों को लेकर सुर्खियों में थीं, जिसमें वह पंकज त्रिपाठी के अपोजिट नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने काजोल की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह किलर सूप और सचर्रू द नैना मर्डर केस को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। वहीं उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में वह अक्यूज्ड को लेकर चर्चा में हैं। प्रतिभा रांटा की बात करें तो वह 2024 में लापता लेडीज को लेकर काफी सुर्खियों में रहीं, जिसमें उन्होंने जया की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा हीरामंडी में भी अपने अभिनय से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं।

## बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 को 18वें दिन लगा जोर का झटका, मर्दानी 3 भी हुई धड़ाम

बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 काफी दिनों से अपना कब्जा जमाकर बैठी है। इसे टक्कर देने के लिए रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 आई, लेकिन उसकी कुर्सी को हिलाने में कामयाब नहीं हुई। वीकेंड पर अच्छी–खासी कमाई करने वाली बॉर्डर 2 को अपनी रिलीज के



18वें दिन बॉक्स ऑफिस पर भारी गिरावट का मुंह देखना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर मर्दानी 3 का खेल भी खत्म होते दिखाई दिया है।

सैकनिल्क के मुताबिक, बॉर्डर 2 ने रिलीज के 18वें दिन, यानी सोमवार को 1.85 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह कमाई के आंकड़े वीकेंड के मुकाबले बेहद कम हैं, क्योंकि इसने 16वें दिन 5.25 करोड़ और 17वें दिन 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। हालांकि, फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 311.60 करोड़ रुपये कमाने में कामयाब हो गई है। फिल्म का क्रेज लोगों में बरकरार है जिसकी बदौलत इसने दुनियाभर में लगभग 426 करोड़ का कारोबार कर लिया है।

उधर यशराज फिल्म्स की लोकप्रिय फ्रैंचाइजी मर्दानी 3 को तगड़ा झटका लगा है। कारोबारी दिनों में लौटकर इसने 10वें दिन बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 1.15 करोड़ कमाए हैं, जिसके बाद फिल्म की कुल कमाई 37.05 करोड़ रुपये हुआ है। दूसरी ओर, संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की फिल्म वध 2 की कमाई लाखों रुपये में सिमट गई है। इसने अपनी रिलीज के चौथे दिन कुल 31 लाख रुपये का कारोबार किया जिसके बाद टोटल कमाई 2.66 करोड़ रुपये हुई है।

## अर्जुन सरजा की फिल्म सीता पयानम का ट्रेलर जारी,14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी




एक्शन किंग अर्जुन अपनी बैनर श्री राम फिल्म्स इंटरनेशनल के तहत बनी फिल्म सीता पयानम से डायरेक्टर की कुर्सी पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म से उनकी बेटी ऐश्वर्या अर्जुन डेब्यू कर रही हैं, जिसमें निरंजन, सत्यराज, प्रकाश राज और कोवई सरला जैसे शानदार कलाकार भी हैं। अर्जुन खुद एक अहम कैमियो में नजर आएंगे, जबकि उनके भतीजे, एक्शन प्रिंस ध्रुव सरजा एक स्पेशल अपीयरेंस से एक्साइटमेंट बढ़ाएंगे। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और मेकर्स ने अभी–अभी इसका थिएट्रिकल ट्रेलर रिलीज किया है।

कहानी एक युवा शेफ के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसे उसके बहुत ज़्यादा प्रोटेक्टिव पिता ने पाला है। एक लंबी ड्राइव के दौरान, वह अनिच्छा से एक अजनबी को लिफ्ट देती है – इस शर्त पर कि उसे आने वाली हर फोन कॉल लाउडस्पीकर पर होगी। जो सफर एक हल्की–फुल्की यात्रा के रूप में शुरू होता है, वह धीरे–धीरे एक गहरा मोड़ लेता है, जिससे एक अप्रत्याशित ट्विस्ट आता है।

अर्जुन का अनुभव उनकी राइटिंग और डायरेक्शन दोनों में साफ दिखता है। ताजा कहानी, साफ–सुथरी कहानी कहने का तरीका और उनका दमदार स्पेशल अपीयरेंस सबसे अलग हैं। निरंजन ने मेल लीड के तौर पर शानदार डेब्यू किया है, जबकि ऐश्वर्या अर्जुन आकर्षक दिखती हैं और एक आत्मविश्वासी, मैच्योर परफॉर्मेंस देती हैं।

सत्यराज प्रोटेक्टिव पिता के रूप में चमकते हैं, और प्रकाश राज इमोशनल गहराई लाते हैं – खासकर शादी के असली मतलब के बारे में एक मार्मिक सीन में। ध्रुव सरजा का एक्शन से भरपूर कैमियो एक्स्ट्रा पंच जोड़ता है।

जी बालमुरुगन की सिनेमैटोग्राफी शानदार विजुअल्स देती है, जबकि मेलोडी किंग अनूप रूबेंस अपने भावपूर्ण संगीत से माहौल को बेहतर बनाते हैं। साई माधव बुर्रा के डायलॉग्स असरदार हैं। अयूब खान ने एडिटिंग संभाली है, और किक ऐस काली ने डायनामिक स्टंट कोरियोग्राफी से एक्शन को और दमदार बनाया है। वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने में बस एक हफ्ता बचा है, और ट्रेलर ने सीता पयानम के लिए बहुत उम्मीदें जगा दी हैं।

## तू या मैं में विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा :पारुल गुलाटी

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार के करियर में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट आते हैं, जो उनके सीख और आत्मविश्वास का जरिया बन जाते हैं। अभिनेत्री पारुल गुलाटी के लिए उनकी आने वाली फिल्म तू या मैं कुछ ऐसा ही प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए उन्हें मशहूर निर्देशक विजय नांबियार के साथ काम करने का मौका मिला है।



इसको लेकर पारुल का कहना है कि यह फिल्म उनके करियर का सबसे खास अनुभव है।

इस सफर ने उन्हें एक कलाकार के रूप में और मजबूत बनाया है। फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए पारुल गुलाटी ने कहा, विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा रहा। मैं पहले से ही उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनकी फिल्मों में कहानी कहने का तरीका, किरदारों की गहराई और फिल्म का माहौल ऐसा होता है कि फिल्म खत्म होने के बाद भी उसका असर मन पर बना रहता है।

ऐसे निर्देशक के साथ काम करना सम्मान की बात है। पारुल ने कहा, जिस निर्देशक के काम को आप सालों से देखते और पसंद करते आए हों, उसी के निर्देशन में कैमरे के सामने खड़ा होना बहुत खास एहसास देता है। तू या मैं ने मुझे यही मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें भावनात्मक, मानसिक और अभिनय के स्तर पर खुद को और बेहतर समझने का अवसर दिया।

यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास है। इस फिल्म में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने सह–कलाकारों के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा, उनके साथ काम करना इस सफर को और भी खूबसूरत बनाता है। आदर्श गौरव बेहद ईमानदार और मेहनती अभिनेता हैं।

वह हर सीन में पूरी सच्चाई के साथ काम करते हैं। वहीं शनाया कपूर सेट पर नई ताजगी लेकर आती हैं। उनमें सीखने की काफी लगन है। पारुल ने कहा, जब आसपास ऐसे कलाकार होते हैं, तो काम को लेकर समर्पण और खुद को बेहतर करने की प्रेरणा अपने आप मिलती है। हर दिन सेट पर कुछ नया सीखने को मिलता है, और यही चीज किसी भी कलाकार को आगे बढने में मदद करती है।

# गंदे मैले पायदान को बिना धोए साफ करने का आसान तरीका, इस ट्रिक से निकल जाएगी पूरी गंदगी



घर को साफ सुथरा बनाने के लिए और बाहर की गंदगी को घर में न आने देने के लिए पायदान का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन अगर पायदान ही गंदा हो जाए तो उससे पूरे घर में गंदगी फैलने लगती है। जूता चप्पल में फंसी गंदगी डोरमैट्स पर जमा होने लगती है। जिससे धूल और गंदगी घर के अंदर आने लगती है। बाथरूम के बाहर लोग पानी को रोकने और गीलेपन से बचने के लिए पायदान का इस्तेमाल करते हैं लेकिन पायदान गंदा होने पर बाथरूम तो गंदा होता ही है साथ ही घर भी गंदा हो जाता है। ऐसे में पायदान को साफ करना बहुत जरूरी है। अच्छी धुलाई करके ही पायदान को साफ किया जा सकता है। लेकिन हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिससे गंदे पायदान को बिना धोए भी आप क्लीन कर सकते हैं। जानिए बिना वॉश किए पायदान को साफ करने का ये आसान तरीका।

पायदान साफ करने की ट्रिक

वैक्यूम क्लीनर का उपयोग– घर की सफाई में लोग आजकल वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। जैसे आप कालीन और मैट्स को क्लीन करते हैं वैसे ही मोटे हैवी पायदान को भी वैक्यूम क्लीनर से क्लीन किया जा सकता है। वैक्यूम क्लीनर से पायदान में लगी धूल–मिट्टी और गंदगी निकल जाएगी। आपको काफी दिनों तक पायदान को धोने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ब्रश का उपयोग करें– गंदे पायदान को कपड़ा धोने वाले ब्रश से आसानी से क्लीन किया जा सकता है। इसके लिए पहले पायदान को झाड़कर उसमें जमा धूल मिट्टी को साफ कर लें। अब कपड़ा धोने वाले किसी पुराने ब्रश से पायदान को घिसते हुए साफ करें। ध्यान रखें गीला नहीं बल्कि सूखा ही रगड़ना है। इससे पायदान में फंसी गंदगी, बाल और मिट्टी निकल जाएगी। इससे बिना धोए ही पायदान साफ हो जाएगा।

ड्राई क्लीनिंग से साफ करें– पायदान को घर पर आसानी से ड्राई क्लीन किया जा सकता है। इसके लिए गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ी फिटकरी डाल कर घोल सें। इसमें 2 ढक्कन शैंपू डालें और मिक्स कर लें। इसे किसी बोतल में डालें। अब एक साफ सूती कपड़ा लें और उस पर स्प्रे डालें। इस कपड़े से पायदान को साफ करें। इससे पायदान पर जमा गंदगी साफ हो जाएगी। इसके बाद पायदान को थोड़ी देर धूप में सुखा दें। इससे गंदगी निकल जाएगी।